ISSN 0972-1002

श्रमण
ŚRAMAṆA

A Quarterly Research Journal of Jainology

Vol. LXVI No. IV October-December 2015

बुद्धया विनाऽपि विबुधार्चित पादपीठ, स्तोतुं समुद्यत मतिर्विगतत्रपोऽहम् ।
बालं विहाय जलसंस्थितमिन्दु बिम्ब- मन्यः क इच्छति जनः सहसा ग्रहीतुम् ।।3।।

भक्तामरस्तोत्र-3

Parshwanath Vidyapeeth, Varanasi
Established : 1937

श्रमण

ŚRAMAṆA

(Since 1949)

A Quarterly Research Journal of Jainology

Vol. LXVI No. IV October-December, 2015

Editor

Dr. Shriprakash Pandey

Associate Editors

Dr. Rahul Kumar Singh **Dr. Om Prakash Singh**

Parshwanath Vidyapeeth, Varanasi

(Established: 1937)

(Recognized by Banaras Hindu University as an External Research Centre)

ADVISORY BOARD

Dr. Shugan C. Jain
New Delhi
Prof. Cromwell Crawford
Univ. of Hawaii
Prof. Anne Vallely
Univ. of Ottawa, Canada
Prof. Peter Flugel
SOAS, London
Prof. Christopher Key Chapple
Univ. of Loyola, USA

Prof. Ramjee Singh
Bheekhampur, Bhagalpur
Prof. Sagarmal Jain
Prachya Vidyapeeth, Shajapur
Prof. K.C. Sogani
Chittaranjan Marg, Jaipur
Prof. D.N. Bhargava
Bani Park, Jaipur
Prof. Prakash C. Jain
JNU, Delhi

EDITORIAL BOARD

Prof. M.N.P. Tiwari
B.H.U., Varanasi
Prof. K. K. Jain
B.H.U., Varanasi
Dr. A.P. Singh, Ballia

Prof. Gary L. Francione
New York, USA
Prof. Viney Jain, Gurgaon
Dr. S. N. Pandey
PV, Varanasi

ISSN: 0972-1002

SUBSCRIPTION

Annual Membership	*Life Membership*
For Institutions : Rs. 500.00, $ 50	For Institutions : Rs. 5000.00, $ 250
For Individuals : Rs. 150.00, $ 30	For Individuals : Rs. 2000.00, $ 150

Per Issue Price : Rs. 50.00, $ 10

Membership fee & articles can be sent in favour of
Parshwanath Vidyapeeth, I.T.I. Road, Karaundi, Varanasi-5

PUBLISHED BY

Shri Indrabhooti Barar, for Parshwanath Vidyapeeth, I. T. I. Road, Karaundi, Varanasi 221005, Ph. 0542-2575890

Email: pvpvaranasi@gmail.com

Theme of the Cover:

Bhaktāmara-stotra, verse-3 based picture, Yantra & Mantra
With curtesy : Sacitra Bhaktāmara-stotra by Shri Sushil Suri

NOTE: The facts and views expressed in the Journal are those of authors only. (पत्रिका में प्रकाशित तथ्य और विचार लेखक के अपने हैं।)

Printed by- Mahaveer Press, Bhelupur, Varanasi

सम्पादकीय

आज कल असहिष्णुता को लेकर देश में काफी बहस चल रही है। ऐसा लगता है कि भारत इसके पहले कभी इतना असहिष्णु नहीं रहा जितना आज हो गया है। तभी तो अनेक साहित्यकार, फिल्मकार, शिक्षाविद्, वैज्ञानिक अपनी योग्यता से हासिल किये गये अपने पुरस्कार वापस लौटा रहे हैं। यह अलग बात है कि उनमें से अब कुछ लौटाया पुरस्कार वापस ले रहे हैं। असहिष्णुता की जब भी बात उठती है तो उसका सम्बन्ध कहीं न कहीं धर्म से अवश्य होता है। आज भी जो बहस चल रही है वह धर्म के इर्द-गिर्द ही है। असहिष्णुता है क्या? वस्तुतः असहिष्णुता का अर्थ है- किसी धर्म, जाति, पन्थ आदि के विचारों को किसी के ऊपर थोपे जाने को सहन न किया जाना। किन्तु आज भारत में असहिष्णुता किसी विशेष वर्ग और उसके धर्म से जोड़कर देखी जा रही है। दादरी और पश्चिम बंगाल के मालदा के कालियाचक की कतिपय घटनायें इसका ताजा उदाहरण हैं।

इसका कारण है कि वर्तमान सन्दर्भ में असहिष्णुता का सम्बन्ध धर्म से कम राजनीति से अधिक हो गया है। स्वार्थी व्यक्ति और संगठन अपने निहित स्वार्थ हेतु भारत को असहिष्णु राष्ट्र का दर्जा देकर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि खराब कर रहे हैं।

असहिष्णुता का समाधान है धार्मिक सहिष्णुता जो जैन धर्म-दर्शन की जीवन रेखा है। आज का मनुष्य प्रत्येक समस्या पर तार्किक दृष्टि से विचार करता है किन्तु दुर्भाग्य यह है कि इस बौद्धिकता के बावजूद भी एक ओर अंधविश्वास और रूढ़िवादिता कायम है तो दूसरी ओर वैचारिक संघर्ष अपनी चरम सीमा पर पहुंच गया है। आज प्रत्येक धर्म सम्प्रदाय, प्रत्येक राजनैतिक दल और प्रत्येक वर्ग अपने हितों की सुरक्षा के लिये दूसरे के अस्तित्व को समाप्त करने पर तुला हुआ है। असहिष्णुता और वर्ग विद्वेष फिर चाहे वह धर्म के नाम पर हो, राजनीति के नाम पर हो, सेक्यूलरिज्म के नाम पर हो अथवा राष्ट्रीयता के नाम पर ही क्यों न हो, हमें विनाश के गर्त की तरफ ही लिये जा रहे हैं।

धर्म का अवतरण मनुष्य को सुख और शान्ति प्रदान करने के लिये हुआ है किन्तु हमारी मतान्धता और उन्मादी वृत्ति के कारण धर्म के नाम पर मनुष्य-मनुष्य के बीच भेद की दीवारें खड़ी की जा रही हैं। धर्म भावना प्रधान होता है और भावनाओं को उभारना सहज होता है। इसीलिये मतान्ध, उन्मादी और स्वार्थी तत्त्वों ने धर्म को सदैव अपने हितों की पूर्ति का साधन बनाया है और आज भी बना रहे हैं।

हम भूल जाते हैं कि धार्मिक होने की पहली शर्त है- मानव होना। मानवता का अर्थ है- मनुष्य में विवेक विकसित हो, वह अपनी भावनाओं और हितों पर संयम रख सके तथा अपने साथी प्राणियों के साथ परस्पर सुख-दुःख को अपना सुख-दुःख समझ सके- परस्परोपग्रहोजीवानाम्। धर्म हमारे जीवन को संस्कारित करने के लिये आवश्यक है किन्तु धर्म की प्रज्ञा से, विवेक से समीक्षा की जानी चाहिये। जैन दर्शन कहता है- 'पण्णा समिक्खये धम्मं' ।। आज धार्मिक उदारता और सहिष्णुता के लिये श्रद्धा को विवेक से समन्वित किया जाना अत्यन्त आवश्यक है।

जैन दर्शन में धार्मिक सहिष्णुता का आधार उसका अनेकान्तवाद का सिद्धान्त है जो वस्तु को अनन्तधर्मात्मक मानते हुये इस बात पर बल देता है कि वस्तुतत्त्व के सन्दर्भ में हमारा ज्ञान और कथन दोनों सापेक्ष होता है। एक समय में वस्तुतत्त्व को सम्पूर्ण रूप से न जान पाने के कारण हमारा ज्ञान आंशिक होता है और आंशिक दृष्टिकोणों पर आधारित सापेक्ष ज्ञान को, अपने से विरोधी मन्तव्यों को असत्य कहकर नकारने का कोई अधिकार नहीं है। यह कहना कि मेरी दृष्टि ही सही है, सत्य केवल मेरे ही पास है, सरासर गलत है। जैन आगम सूत्रकृतांग स्पष्टतः कहता है कि जो केवल अपने मत की प्रशंसा करते हैं और दूसरों के मतों की निन्दा करते हैं, अथवा उनके प्रति विद्वेष भाव रखते हैं, वे सदैव संसार-चक्र में परिभ्रमित होते रहते हैं। जैन दर्शन के अनुसार जब सापेक्ष सत्य को निरपेक्ष रूप से दूसरे सत्यों का निषेधक मान लिया जाता है तो वह असत्य बन जाता है। जो सापेक्ष है वह अपनी सत्यता का दावा करते हुये भी दूसरे की सत्यता का निषेधक नहीं हो सकता। सत्य के सन्दर्भ में यही एक ऐसा दृष्टिकोण है जो विभिन्न धर्म और सम्प्रदायों की सापेक्ष सत्यता और मूल्यवत्ता को स्वीकार कर उनमें परस्पर सौहार्द और समन्वय स्थापित कर सकता है।

जैन परम्परा का नवकार मन्त्र अपने आप में धार्मिक सहिष्णुता का अनुपम उदाहरण है जिसमें सभी अरिहन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय के साथ -साथ सभी साधुओं को नमस्कार किया गया है चाहे वे किसी धर्म, सम्प्रदाय, जाति या वर्ग के हों। जैन आचार्य हेमचन्द्र ने जैन परम्परा में रहते हुये न केवल 'महादेवस्तोत्र' की रचना की बल्कि स्वयं शिव मन्दिर में जाकर शिव की वन्दना करते हुये कहा कि जिसने संसार भ्रमण के कारणभूत राग-द्वेष आदि तत्त्वों को क्षीण कर लिया है, वह चाहे ब्रह्मा हो, विष्णु हो, शिव हो या जिन, मैं उसे प्रणाम करता हूं। अतः जैन धर्म-दर्शन में असहिष्णुता को कोई स्थान नहीं है। जैन धर्म-दर्शन के सिद्धान्तों को आत्मसात किया जाय तो वे मानव में धार्मिक सहिष्णुता, शान्ति, समभाव और समन्वय का विकास करने में अति कारगर सिद्ध होंगे।

Contents

१.	**जमीकंद की ग्राह्यता-अग्राह्यता का प्रश्न** आगमज्ञानरत्नाकर श्री जयमुनिजी	१-१०
२.	**पुरातनप्रबन्धसंग्रह की ऐतिहासिक मूल्यवत्ता** डॉ०अरुण प्रताप सिंह	११-१६
3.	**जैन परम्परा के परिप्रेक्ष्य में विवाह पद्धति एवं वर्ण व्यवस्था** प्रो०कमलेश कुमार जैन	१७-२४
४.	**इण्टरनेट पर जैन साहित्य एवं शोध सामग्री** डॉ०विवेकानन्द जैन	२५-३०
५.	**JAINA INSCRIPTIONS RELATED TO THE RATTA CHIEFTAINS** Pinal Jain	31-35
	पार्श्वनाथ विद्यापीठ समाचार	३६-४६
	जैन जगत्	४६
	साभार प्राप्ति	४७-४८
	श्रीमद्धनेश्वरसूरिविरचितं सुरसुंदरीचरिअं (नवम परिच्छेद)	

Our Contributors

1. **Āgama-jñāna-ratnākara Shri Jaymuniji**
   Desciple of Sthānakavāsī Jaina Saṅgha Śāstā
   Pujya Shri Sudarshanlalji Maharaj, S. S. Jaina Sabha,
   Gannaur, (Sonipat)

2. **Dr. Arun Pratap Singh**
   Associate Professor, Shri Bajarang P.G. College,
   Sikandarpur, Ballia

3. **Prof. Kamalesh Kumar Jain**
   Former Head, Department of Jaina and Bauddha Darshan,
   S.V.D.V., BHU., Varanasi

4. **Dr. Vivekanand Jain**
   Assistant Librarian, Central Library, BHU.

5. **Pinal Jain**
   Research Scholar, Dept. of History, University of Delhi.

जमीकंद की ग्राह्यता-अग्राह्यता का प्रश्न

आगमज्ञानरत्नाकर श्री जयमुनिजी

अग्राह्यता की समीक्षा

जैन समाज में त्याग का विशेष महत्त्व रहा है। वस्तु का त्याग, कषाय का त्याग, शरीर का त्याग, हिंसादि १८ पापों का त्याग-ये सब त्याग आत्म-शुद्धि के हेतु हैं। वस्तु विशेष के त्याग के पीछे जहाँ आसक्ति घटाने की भावना रहती है वहीं त्यज्यमान वस्तु से सम्बन्धित हिंसा को घटाने की भावना भी रहती है। सचित्त वनस्पति के त्याग की परम्परा जैन-समाज के श्रावकों में काफी प्राचीन और आदरणीय रही है। जैनमुनि किसी एकेन्द्रिय सचित्त वस्तु को लेना तो दूर, छूते भी नहीं हैं। श्रावक भी भावना रखते हैं कि हम भी सचित्त वनस्पति का सेवन न करें या कम से कम करें। साधु-समाज में समय-समय पर इस विषय में विवाद रहा है कि कौन सा फल कब तक सचित्त रहता है और वह कब अचित्त बनता है। केला, सेब, बादाम, अंगूर आदि खूब चर्चित रहे हैं और अब भी हैं। नमक-मिर्च डालने से अचित्त मानना, आग पर रखने के बाद, अच्छी तरह पक जाने के बाद, टेढ़ा चीरने पर, गर्म पानी में से निकालने पर सचित्त होना और न होना आदि विषय अपने-अपने ढंग से निर्णीत हुए हैं परन्तु अखिल भारतीय स्तर पर इनका समाधान नहीं हुआ।

इस कड़ी में एक अहम मुद्दा जमीकंद का भी उभरा है। उसको भक्ष्य अथवा अभक्ष्य मानने की कई धारणाएं जैन-समाज में प्रचलित हैं- जो जमीकंद का त्याग करते हैं या करवाते हैं वे जमीकंद में अनन्त जीवों की हिंसा से बचने की भावना से युक्त होते हैं। उनकी यह भावना होती है कि हम सर्व वनस्पति को खाने से नहीं बच सकते तो अनन्त-काय से तो बच ही जाएं ताकि हमें अधिक पाप का भागी न बनना पड़े। जैनों के सभी सम्प्रदायों में आलू, मूली, प्याज आदि के त्याग की धारणा है। गुजरात में तो आलू-भक्षण को अण्डा-भक्षण तक से उपमित कर दिया जाता है पर क्या वह अतिवादी चिंतन सचमुच ही आगमिक, अहिंसा-वर्धक और जैनत्व का मूल अंग है? चिंतन करने से ऐसा प्रतीत होता है कि संख्याओं के गणित ने सब कुछ उल्टा-पुल्टा कर दिया है। न अहिंसा की मूल भावना को स्पर्श किया, न आगमों की प्रामाणिकता रखी और न ही प्रायोगिक धरातल पर जी पाये। इनको प्राचीन और अर्वाचीन दो कुतर्कों से समझते चलें।

प्राचीन युग में हस्ति तापसों का एक दल होता था जिनका तर्क था कि हम एक हाथी को मारकर कई महीनों तक खाते हैं जबकि शाकाहारी मनुष्य एक दिन में

वनस्पति के असंख्य-अनन्त जीवों का वध कर देते हैं। आज-कल भी कुछ मांसाहारी यही तर्क देते हैं कि जीव तो फलों में भी होता है, फिर शाकाहारी हमसे किस तरह अधिक अहिंसक और करुणाशील हो सकते हैं। श्वेताम्बरों द्वारा मान्य किसी भी आगम में साधु या श्रावक के लिए ऐसा उल्लेख नहीं है कि वह साधारण वनस्पति का अचित्त रूप में भी सेवन न करे। जहां भी निषेध है वहां सचित्त का है और उसमें प्रत्येक और साधारण दोनों प्रकार की वनस्पतियां परिगणित की गई हैं। दशवैकालिक सूत्र का पाठ है- 'कंदं मूलं पलम्बं वा आमं छिन्नं च सन्निरं। तुंबागं सिंगबेरं च आगमं परिवज्जए।'[१] अहिंसा-व्रती साधु कंद, मूल, केला, घीया, अदरक सचित्त हो तो ग्रहण न करें। भगवती में जमाली के माता-पिता मुनिचर्या की कठिनता के प्रसंग में कहते हैं कि साधु कन्द, मूल, बीज, हरित-फल का आहार नहीं लेते।

आइये जरा, साधारण वनस्पति और प्रत्येक वनस्पति की संवेदना के विषय को लें, क्योंकि संवेदनशीलता ही जैन धर्मानुसार अहिंसा और हिंसा का मूल आधार मानी गई है। यदि एक पानी के पात्र में मक्खी या कीड़ी पड़ी है तो धार्मिक, दयावान व्यक्ति असंख्य जीवों की तुलना में एक मक्खी या कीड़ी बचाना चाहेगा क्योंकि एकेन्द्रिय से द्वीन्द्रिय, द्वीन्द्रिय से त्रीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय से चतुरिन्द्रिय तथा चतुरिन्द्रिय से पंचेन्द्रिय जीव की शारीरिक विकास शक्ति, चेतना, सामर्थ्य एवं संवेदना अधिक से अधिकतर होती है। उसी तरह साधारण वनस्पति की अपेक्षा प्रत्येक वनस्पति के जीवों की चेतना एवं संवेदना बहुत अधिक होती है। साधारण वनस्पति के अनन्त जीवों के पुण्य से प्रत्येक वनस्पति के एक जीव का पुण्य ही अनन्तगुणा होता है। देवगति के जीव काल करके साधारण वनस्पति में पैदा नहीं हो सकते। वे प्रत्येक में ही पैदा होते हैं। अपर्याप्त अवस्था में तेजोलेश्या की संभावना प्रत्येक में है, साधारण में नहीं। कर्मग्रन्थों के अनुसार वनस्पति में जो दूसरा गुणस्थान माना गया है वह भी प्रत्येक को ध्यान में रखकर न कि साधारण वनस्पति को। आगम और कर्मग्रंथों का विश्लेषणपरक अध्ययन करने वालों का निष्कर्ष है कि साधारण और प्रत्येक वनस्पति में मात्रात्मक ही नहीं गुणात्मक अन्तर भी है, क्योंकि साधारण नामकर्म को पाप-प्रकृतियों में तथा प्रत्येक नामकर्म को पुण्य-प्रकृतियों में परिगणित किया गया है। त्रस जीवों की तुलना में स्थावर जीव, बादर की अपेक्षा सूक्ष्म जीव, पर्याप्त जीवों के समक्ष अपर्याप्त जीव जिस तरह मौलिक रूप से भिन्न हैं उसी प्रकार प्रत्येक की तुलना में साधारण जीव भी मौलिक रूप से भिन्न हैं। उनमें पुण्य का अल्प-बहुत्व न मानकर पुण्य-पाप का अन्तर माना गया है।

वैज्ञानिकों ने वनस्पति में जीवन माना है और उनके प्रमाण अधिकांश जैन उद्धृत करते हैं। उन्होंने भी सारे प्रयोग प्रत्येक वनस्पति पर किए हैं। साधारण वनस्पति की संवेदना

उनके यंत्रों में झलक नहीं सकती क्योंकि वहां पर चेतना का इतना अल्प विकास होता है कि उन्हें निर्जीव तो नहीं पर निर्जीवप्राय ही कहा जा सकता है।

एक हरा पत्ता पर्यावरण के लिए जितना उपयोगी है उतने जमीकंद के सैकड़ों फल आदि भी नहीं। एक व्यक्ति यदि अपने भोजन के लिए प्रत्येक वनस्पति के दो-चार पत्तों को खाता है तो उसने पर्यावरण को ज्यादा हानि पहुंचाई है जबकि जमीकंद आदि के प्रयोग से पर्यावरण को विशेष क्षति नहीं पहुंचती क्योंकि आक्सीजन विसर्जन हरे पौधे और पत्तों से होता है। पौधों से जो आक्सीजन पर्यावरण को मिलती है उससे लाखों अन्य प्राणी जीवित रहते हैं। प्रत्येक वनस्पति के उपजीव्य जीव ज्यादा हैं और साधारण के बहुत कम इसीलिए प्रत्येक वनस्पति की हिंसा में अन्य त्रस जीवों की अधिक हिंसा छिपी रहती है। अनन्त कायिक (साधारण वनस्पति) के अधिक प्रचलित खाद्य पदार्थ आलू के उत्पादन में पानी का अन्य सभी खाद्यान्नों, फलों की तुलना में अल्पतम खर्चा होता है, अर्थात् इसके उपयोग में पानी के जीवों की पारम्परिक (इनडाइरेक्ट) हिंसा सबसे कम है।

यह एक अन्य पहलू है कि मानव शरीर के लिए प्रत्येक वनस्पति में अधिक पोषक तत्त्व हैं, साधारण वनस्पति में कम। साधारण वनस्पति में सूर्य आदि के सम्पर्क का अभाव होने से फोटो सिंथेसिस आदि की प्रक्रिया नहीं होती। विटामिन-प्रोटीन आदि कम उत्पन्न होते हैं। इसीलिए डॉक्टर भी सामान्य जनता को प्रत्येक वनस्पति के फल अधिक बताते हैं और आलू आदि जमीकंद कम, पर अर्थशास्त्र की दृष्टि से भी जमीकंद वाली सब्जियां अधिक सस्ती होती हैं और प्रत्येक वनस्पति वाली महंगी।

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर प्रत्येक वनस्पति साधारण से ज्यादा उपयोगी और अनन्त पुण्याधिक सिद्ध होती है लेकिन फिर भी यहाँ मुख्य प्रसंग अहिंसा की न्यूनाधिकता का है न कि शारीरिक लाभ-हानि या मूल्यों की कमी-बेशी का।

यह तथ्य विचारणीय है कि भगवान महावीर स्वामी ने श्रावक के लिए १५ कर्मादानों का निषेध किया है जिनमें वन-कर्म एक मुख्य कर्मादान है। विश्व के सभी जंगल काट दिए जाएं, सारा अन्न खा लिया जाए, सम्पूर्ण पहाड़ और भूमियां खोद दी जाएं तो भी आलू के सूई जितने भाग के खाने से जितने जीव मरेंगे उतने पूर्वोक्त क्रियाओं में नहीं मरेंगे। तो क्या कोई प्ररूपणा कर सकता है कि १५ कर्मादानों में इतना पाप नहीं है जितना जमीकंद खाने में? यदि वीतराग देवों को ऐसा सिद्धान्त अभीष्ट होता तो सर्वप्रथम यही नियम बनाते कि साधु-साध्वी, श्रावक-श्राविका रूप धर्म को वही व्यक्ति स्वीकार करे जो जीवन-पर्यन्त जमीकंद का स्पर्श भी न करे।

आचारांग के द्वितीय श्रुतस्कन्ध के प्रथम अध्ययन के आठवें उद्देशक[२] में अशस्त्र परिणत वस्तुओं की सूची दी गई है जो ग्रहण करने योग्य नहीं हैं। जिसमें शालूक, विरालिका, सर्षप नालिका, पिप्पली, मिर्च, अदरक, आम-प्रलम्ब, आम्रातक, ताल सुरभि आदि के प्रलम्ब तथा अश्वत्थ न्यग्रोध सल्लकी के प्रवाल, कुछ सरटू (कपित्थका, दाडिमका बिल्वका) तथा कुछ मंथू का वर्णन है, ये अप्रासुक सचित्त हों तो न लें, ये प्रासुक एषणीय हों तो ग्राह्य हैं। इनमें शालूक (कमलकंद) व अदरक का उल्लेख स्पष्टत: अनन्तकायिक प्रयोग निषेध का खण्डन करता है। उससे अगले पाठों में सिंघाड़े का, भिस का, भिस मृणाल का तदन्तर अग्रबीज और मूल-बीजों का मूल जातों का तथा लशुन-पत्र, लशुनकंद लशुन-चोयक का वर्णन है। ये सब पाठ अचित्त अनन्तकाय की ग्राह्यता की ओर संकेत करते हैं। सातवें अध्ययन के द्वितीय उद्देशक[३] में मुनि के लिए कहा है कि आम्र, इक्षु तथा लहशुन के अंश यदि सचित्त अप्रासुक हों तो न लें तथा अचित्त प्रासुक हों तो ले सकते हैं। पाठ निम्नांकित है "से भिक्खु वा से जं पुण जाणेज्जा..... ल्हसुन वा ल्हसुणकदं वा ल्हसुण चोयगं वा ल्हसुण णालगं वा तिरिच्छ छिण्णं वोच्छिण्णं फासुयं जाव पडिगाहेज्जा।"

किसी-किसी सम्प्रदाय में जमीकंद के त्यागी और अत्यागी दोनों तरह के साधु-साध्वी होते हैं। जो त्यागी हैं उनका त्याग संतोष और तप की दृष्टि से तो उच्चतर माना जा सकता है पर अहिंसा की दृष्टि से दोनों मुनियों के त्याग में कुछ अन्तर पड़ता हो, ऐसा नहीं लगता क्योंकि दोनों मुनि नवकोटि शुद्ध अचित्त आहार लाए हैं। ऐसा तो नहीं माना जा सकता कि साधारण वनस्पति का अचित्त भोजन करने वाला मुनि गृहस्थ कृत हिंसा का अधिक उत्तरदायी है, प्रत्येक वनस्पति का आहार करने वाला कम। रही बात अनन्त-कायिक पदार्थों के त्याग करने वाले साधु या श्रावकों की तो वह भी विचित्र-सी स्थिति है क्योंकि पूर्णत: अनन्त-कायिक वनस्पति का त्यागी कोई नहीं है। प्रत्येक वनस्पति में जहां-जहां अवान्तर शाखा का उद्गम होता है वहां-वहां स्थल अनन्त-कायिक होता है- उग्गममाणे अणंते- ऐसा आगम पाठ है। उदाहरण के तौर पर सरसों का साग लें- उसमें स्थल-स्थल पर नया अंकुरण है और वह स्थल अनन्त जीवों का उत्पत्ति स्थान है, भीगे हुए बादाम में, चने, गेहूं, मूंग की तरह अंकुरण होता है और भीगे हुए बादाम को पीसकर दूध आदि में प्राय: अनन्तकाय के त्यागी लेते हैं।

फिर जमीकंद के त्यागी हल्दी और अदरक का आगार रखते हैं। जब अनन्तानन्त जीवों को खा ही रहे हैं तो एक-दो पर जोर देना विसंगति का सूचक है। पाप है तो इन दो की भी छूट क्यों रखी जाए? कई स्थानों पर त्याग हास्यास्पद स्थिति में पहुंच जाता है- जैसे आलू के त्यागी आलू के चिप्स या पुरानी आलू की भंगोड़ी खाते हैं,

यह कहकर कि ये अब अनन्तकायिक नहीं रहे। कुछ दिनों के बाद गाजर की कांजी या अचार को भी ग्राह्यता की कोटि में रख दिया जाता है उनके तर्क पर एक प्रतितर्क यह है कि उबलने के बाद जो आलू-गाजर की सब्जी खाई जाती है क्या वह सचित्त रह गई जो उसे अनन्तकायिक कहा जा रहा है।

जहां तक श्रावकों द्वारा जमीकंद खाने के त्याग की बात है वह भी अहिंसा की दृष्टि से ज्यादा उच्च नहीं जंचती क्योंकि गृहस्थ आलू आदि खरीदता है, बेचता है, काटता है औरों को परोसता है, शीतगृहों में रखता है, उनकी खेती करता है, तो क्या खाने में दो-चार आलू का त्याग करके हिंसा रुक गई? ये तो वही बात हुई कि एक आदमी खुद अण्डा नहीं खाता पर पूरे पॉल्ट्री फार्म को चलाता है। होटल में उसका सेवन कराता है। क्या हम उसे बड़ा त्यागी कहें?

एक आगमिक संदर्भ इस विषय में उद्धृत किया जाता है जिससे अनन्तकाय की हिंसा अधिक प्रमाणित की जाती है। छेद सूत्रों में वर्णन है कि साधु के आहार में भूल से प्रत्येक वनस्पति आ जाए तो उसका दण्ड ज्यादा है। जमीकंद के त्याग के समर्थकों ने इस दण्ड को बहुत अधिक महत्त्व दिया है पर छेद सूत्रों में यह दण्ड व्यवस्था कोई संख्या पर आधारित नहीं है अपितु प्रमाद की अधिकता को लेकर की गई है। साधु अपनी भिक्षा लेते समय यदि यह भी गौर न करे कि ग्राह्यमाण वस्तु पर नीलन-फूलन लग गई है, फूई-फफूंद जम गई है और उस वस्तु को ले आए तो उसका दण्ड ज्यादा है जबकि शाक आदि में अपक्व वनस्पति का टुकड़ा आ जाए तो उसका दण्ड अल्प है। यह अर्थ हमें अर्थापत्ति से निकालना होगा। ऐसा ही अन्य प्रसंग है कि मुनिराज विहार यात्रा में हैं, एक ओर प्रत्येक वनस्पति है, दूसरी ओर अनन्त-कायिक हैं तो प्रत्येक पर पैर रखकर अनन्त-काय को बचाएं। इस प्रसंग में भी विचारणीय यह है कि एक ओर काई है और दूसरी ओर घास है। घास के जीवों के शरीर काई की तुलना में कुछ न कुछ अधिक सक्षम हैं, वे पैर के भार से कुछ मरें, कुछ बचें दोनों ही संभावनाएं हैं जबकि काई के जीवों का शरीर बहुत मुलायम, चिकना एवं भार सहने में असमर्थ है, वह शीघ्र मरेगा। अत: 'सर्वनाशे समुत्पन्ने अर्धं त्यजति पंडित:'- सिद्धान्त यहां लागू होगा। किसी क्रिया का जो भी दण्ड छेदसूत्रों में लिखा है वह किसी भी क्रिया का विधान और निषेध नहीं कर सकता क्योंकि छेदसूत्रों में कई स्थलों पर अत्यल्प दोष पर कड़ा दण्ड है तो कहीं महान दोष पर अत्यल्प दण्ड लिखा है। निशीथ के १८वें उद्देशक में वर्णन है कि अनर्थ में (बिना जरूरत के) नौका की सवारी, नौका को पानी के अन्दर से बाहर लाने, नौका में से पानी निकालने आदि २०-२५ क्रियाओं पर लघु चौमासी दण्ड है[४] और राजा के पशु-

पालकों से आहार लेने में ''गुरू चौमासी'' दण्ड लिखा है।[५] निशीथ के ९वें उद्देशक में लिखा है कि राजा की सवारी देखने के लिए एक कदम भी बढ़ाए तो ''गुरू चौमासी''[६] और चित्रशालाएं, झरने, वन सौन्दर्य, गाँव के मेले, ग्रामवध, ग्रामदाह, अश्व आदि के युद्ध, नाटक, नृत्य, महायुद्ध देखने के लिए कहीं जाए तो ''लघु चौमासी''[७] का दण्ड आता है, तो क्या एक में पाप ज़्यादा और इन सबमें पाप कम लगता है, जो दण्ड भिन्नता की गई है। छेद सूत्र में वर्णन आया है कि सुई को अविधि से लौटाए तो ''गुरू चौमासी'' का दण्ड है तो क्या हम कल्पना करलें कि दोष की गम्भीरता पहले में ज्यादा है और दूसरे में कम है? कृत्स्न (सम्पूर्ण) सचित्त आम की फाँक खाने का दण्ड ''लघु चौमासी'' है। ऐसे ही अन्य स्थान पर वर्णन है कि पनग आदि पर शौच जाने का दण्ड ''लघु मासी'' और सूने घर में शौच जाने पर ''लघु चौमासी'' का दण्ड आता है। ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं जो आचार्यों ने दण्ड के विषय में दिए हैं पर वे किसी भी घटना के लिए शत- प्रतिशत दोष की गंभीरता की न्यूनाधिकता का प्रमाण नहीं बन सकते और फिर निशीथ सूत्र में ही पिप्पली, अदरक को पिछले दिन का लेने का दण्ड निषेध किया है, तत्कालीन का नहीं।

निशीथ सूत्र[८] के ही ११वें उद्देशक में वर्णन है कि आधे योजन से दूर से पात्र लाएं तो ''गुरू चौमासी'' का दण्ड और १२वें उद्देशक[९] में कहा है कि आधे योजन से दूर से आहार लावें तो ''लघु चौमासी'' का दण्ड। इससे क्या सिद्ध होता है? निशीथ के ही १४वें उद्देशक[१०] में स्पष्ट पाठ है कि पात्र से पृथ्वीकाय, जलकाय, कंदमूल, पत्र, पुष्पादि निकाल कर लें तो समान दण्ड है, कम-ज्यादा नहीं। क्या इस प्रक्रिया में कंदमूल की ज्यादा विराधना नहीं होती? इसी में १२वें उद्देशक[११] में पाँच स्थावर-कायों की विराधना का एक ही दण्ड लिखा है। वहाँ वनस्पति का विभाजन नहीं लिखा कि साधारण की विराधना में ज्यादा और प्रत्येक की विराधना में कम दण्ड। ऐसे ही निशीथ सूत्र में वर्णन है कि सचित्त स्थान पर जहाँ अण्डे, बीज, हरियाली, काई है वहाँ शौच जाएं तो ''लघु मासी'' और वस्त्र-पात्र सुखा दें तो ''लघु चौमासी'' का दण्ड। तो क्या प्रथम क्रिया में दूसरी क्रिया से कम हिंसा है? कहने का अभिप्राय यह है कि छेद सूत्र इस बात के निर्णायक नहीं हो सकते कि साधारण वनस्पति की हिंसा प्रत्येक से ज्यादा है, केवल एक ही जगह पर 'अनन्तकाय संजुत्त' के पाठ को हम निर्णायक नहीं मान सकते जबकि इसके विरोधी पाठ कंदम-कदम पर मिल रहे हैं; इसीलिए इस पाठ को हम 'विचित्रा सूत्राणां गतिः' कहकर ही समझें तो बेहतर है। कुछ विद्वानों का मन्तव्य है कि आगमों में साधारण और प्रत्येक वनस्पति जीवों की वेदना में अन्तर नहीं बताया गया अपितु वनस्पति मात्र की वेदना को एक ही श्रेणी में रखा है परन्तु दोनों को एक ही शीर्षक के अन्तर्गत लाने से वे पूर्णतः समान चेतना

के अधिकारी नहीं बन जाते जबकि अन्य स्थलों से उनकी चैतन्य शक्ति स्पष्टत: भिन्न प्रमाणित होती है। आगमों में तो कई स्थल ऐसे भी हैं जहाँ एकेन्द्रिय और विकलेन्द्रिय तथा अन्य विकसित जीवों की वेदना भी एक सरीखी बताई गई है, उदाहरण के तौर पर प्रज्ञापना[१२] के ३५वें पद में वर्णन है कि सभी एकेन्द्रियों की, विकलेन्द्रियों की तथा असंज्ञी तिर्यंच मनुष्यों की, यहाँ तक कि मिथ्यात्वी देवताओं की भी वेदना "अनिदा वेदना" होती है तो क्या इन सबकी अनिदा वेदना को समान ही माना जाएगा, कदापि नहीं। एकेन्द्रियों से विकलेन्द्रियों की वेदना तथा उससे असंज्ञी, तिर्यंच पंचेन्द्रिय की वेदना अधिक होती है किन्तु यहाँ सबके लिए एक शब्द लिखा है। इसी न्याय से सूक्ष्म से बादर की तथा साधारण से प्रत्येक की वेदना भी अधिक माननी चाहिए। इसी तरह भगवती[१३] के अनुसार सभी एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रिय, असंज्ञी जीव 'अकाय निकरण' वेदना वेदते हैं पर उनमें अल्प-बहुत्व का वर्णन नहीं है, पर यह वर्णन न होने से यह अर्थ नहीं लगाया जा सकता कि सबकी समान ही वेदना होती है। यदि एकेन्द्रिय से विकलेन्द्रिय की वेदना ज्यादा है तो इसी प्रमाण से साधारण से प्रत्येक की वेदना भी ज्यादा है। प्रज्ञापना के ८वें पद में संज्ञाओं का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि - चौबीस दण्डकों में चारों संज्ञाएं होती हैं पर तिर्यंचों में आहार संज्ञा कुछ अधिक होती है। अब प्रश्न यह है कि क्या एकेन्द्रियों से विकलेन्द्रियों की और विकलेन्द्रियों से पंचेन्द्रिय जीवों में समान ही आहार संज्ञा होती है, उत्तर यही होगा कि इनमें काफी अन्तर होता है। जिसमें जितना उपयोग, शारीरिक सामर्थ्य कम होती है, उसकी संज्ञा कम, जिसका जितना उपयोग, शरीर-सामर्थ्य अधिक होती है, उसकी आहार संज्ञा भी अधिक होती है। साधारण और प्रत्येक के सम्बन्ध में भी यही जानना चाहिए।

जैन चिन्तकों में यह भी धारणा है कि एकेन्द्रिय जीवों को (प्रत्येक-साधारण सहित सभी को) मनुष्य जैसे विकसित और संवेदनशील प्राणी के बराबर ही पीड़ा का अनुभव होता है और इसके लिए वे आचारांग तथा भगवतीसूत्र के कुछ पाठों का उदाहरण देते हैं, इस विषय की समुचित समीक्षा भी जरूरी है।

आचारांग के प्रथम श्रुतस्कंध के प्रथम अध्ययन में पाठ का अर्थ जैसा प्रचलित है वैसा अर्थ मूल पाठ से कथमपि ध्वनित नहीं होता। प्रस्तुत पाठ में लिखा है- अप्पेगे अंधमब्भे अप्पेगे अंधमच्छे, फिर पाद, गुल्फ, जंघा, जानु, उरु, कटि, नाभि, पार्श्व, उदर, पीठ, छाती का वर्णन करते-करते मस्तक सिर के छेदन-भेदन का वर्णन है, यहाँ कहीं नहीं लिखा है कि पृथ्वीकाय आदि की वेदना अंधे-बहरे-गूंगे के समान होती है। यहाँ तो सर्वप्रथम 'अंध' शब्द के द्वारा पैरों के अधोभाग पर छेदन-भेदन लिखा

है। फिर शेष मानव के एक-एक अंग का छेदन-भेदन। इस आगम पाठ के दो अर्थ संभावित हैं-

१. हिंसक जीव अन्य प्राणियों के पैर के अधोवती भाग से लेकर शीर्ष तक के सभी भागों का छेदन-भेदन करता रहता है।

२. पूर्व में किए गए हिंसा-पूर्ण कार्यों का फल जीवों को उत्तरकाल में यह मिलता है कि उसके पैर के अधोभाग से शीर्ष पर्यन्त अंगों का छेदन-भेदन इसे सहना पड़ता है।

यहाँ 'अंध' शब्द को समझ लें, यह संस्कृत शब्द 'अधस्' (निचला भाग) का प्राकृत रूप है। जैसे-वक्र को वंक, दर्शन को दंसण, त्र्यस्र को तंस, पृथक् को पिंघ, पुंघ यानि अनुस्वार आगम कर दिया है। ऐसे ही 'अधस्' शब्द में अनुस्वार आगम करके 'अंध' शब्द बनता है। सम्पूर्ण पाठ ही इस तथ्य को प्रमाणित कर रहा है। यदि प्रचलित अर्थ के अनुसार स्थावरों की पीड़ा-अंधे-गूंगों की तरह मान लें तो फिर श्रावकों को पंचेंन्द्रिय जीवों को मारने का पाप लगेगा। जब आगमों की हर व्याख्या साधारण जीवों को प्रत्येक की तुलना में बहुत निम्न स्तर का सिद्ध कर रही है तो क्या यह सब आगम-पाठों का दुरुपयोग नहीं है जो दोनों की चेतना को बराबर प्रमाणित किया जा रहा है।

एक प्रश्न मन में कौंध सकता है कि जैन-परम्परा में अनन्तकाय के भक्षण के निषेध का इतिहास तो पुराना है पर यह क्यों शुरू हुआ? इसका समाधान यह है कि सनातन धर्म के ऋषि प्राय: कन्दमूल का भक्षण करते थे, उनके विरोध में गोशालक ने इनका सेवन वर्जित किया। जमीन खोदना, बैलों को नाथ डालना, हल चलाना, यहाँ तक कि जमीन से निकलने वाले कंद-मूल तक को भी अभक्ष्य घोषित कर दिया और उसके इस प्रचार का जैन धर्मावलम्बियों पर इतना गहरा प्रभाव पड़ा कि यह सोचा जाने लगा कि जब गोशालक के अनुयायी भी जमीकंद नहीं खाते तो फिर हमें तो और भी त्याग रखना चाहिए। फिर क्रमश: यह भोजन परम्परा जैनत्व का अभिन्न अंग बन गई। हमारे धर्म का मौलिक-रूप न होते हुए भी मौलिक से ज्यादा मान्यता मिल गई। यह एक प्रतिक्रिया जन्य (Reactionary) अपनाया हुआ रिवाज है न कि आगमिक विधि निषेध का स्पष्ट परिणाम। वस्तुत: हिंसा और अहिंसा को नापने के लिए संख्या बहुत ही कमजोर तथा अप्रामाणिक मापदण्ड है; अहिंसा के स्वरूप निर्धारण में तीन करण, तीन योग, क्रूरता, दयालुता, म्रियमाण जीव की इन्द्रिय शक्ति, पर्याप्ति, प्राण, संकल्प पूर्वकता, आरम्भ-मात्र जन्यता, सापराधकता-निरपराधकता, परिमाण में हिंसा की वृद्धि और कमी, सैकड़ों पहलू ऐसे होते हैं जो

निर्धारण करते हैं कि यह हिंसा अनुचित है या उचित, ज्यादा है या कम, अप्रासंगिक है या प्रासंगिक।

पहले गुजरात में स्थित जैन संप्रदायों के अलावा भारत की कोई भी जैन परम्परा ऐसी नहीं थी जो जमीकंद का प्रयोग नहीं करती थी या जिसके प्रत्येक साधु-साध्वी सम्पूर्ण रूप से जमीकंद के त्यागी हों तथा आज भी ऐसा कोई सम्प्रदाय नहीं है। हाँ आजकल एक-दूसरे के प्रभाव में आकर कैसी भी प्ररूपणा कर दें पर वास्तविकता से सभी सम्प्रदाय परिचित हैं। अन्त में छोटी-सी उपमा प्रस्तुत है-

एक व्यक्ति ने जरा-सी चिंगारी जलाई, दूसरे ने विशाल अग्निपुंज बुझाया, जीवों की संख्या की दृष्टि से पहले ने कम जीव अपने हाथ से मारे व दूसरे ने ज्यादा मारे, पर आगम ने पहले को अधिक आरम्भी माना तथा दूसरे को अल्पारम्भी माना। कारण स्पष्ट है कि पहली क्रिया से विध्वंस बढ़ता है, दूसरी से रुकता है। इस तरह प्रत्येक वनस्पति के अधिक प्रयोग से प्रकृति और पर्यावरण की जीवन शृंखला ज्यादा टूटती है जबकि साधारण से कम।

पुनः एक बात सूचित करना आवश्यक है कि लेखक का लक्ष्य किसी जमीकंद के खाने वाले का समर्थन करना नहीं है, न ही उनसे बने व्यजनों का स्वाद ही उसे लुभाता है। जमीकंद के प्रयोग करने वाले ऐसे-ऐसे मुनिराज हैं जो मिठाई, नमकीन, मेवा, मुरब्बा, खीर, हलवा, घी आदि विविध स्वादु पदार्थों के परिपूर्ण त्यागी होते हैं। वस्तु का त्याग या अत्याग महत्त्वपूर्ण नहीं है, महत्त्व केवल इस बात का है कि किसी एक मुद्दे को भावुक बनाकर सामान्य-जन को गुमराह न किया जाए, न ही उसकी निगाह में संत-सतियों को शिथिलाचारी आदि की संज्ञा दी जाए। किसी भी वस्तु का त्याग हमें आनन्द देता है पर यह हीनता और उच्चता की ग्रंथि का निर्माण न कर जाए।

जमीकंद के त्याग को हम संतोष व तपस्या की दृष्टि से बड़ा मान सकते हैं पर अहिंसा की दृष्टि से उतना महत्त्वपूर्ण नहीं लगता।

संदर्भ :

१. दशवैकालिक सूत्र, आगम प्रकाशन समिति, व्यावर, राजस्थान, पंचम अध्ययन, सूत्र १३८, पृ० १९१

२. आचारांग सूत्र, आगम प्रकाशन समिति, व्यावर, राजस्थान, द्वितीय श्रुत-स्कन्ध, प्रथम अध्ययन, उद्देशक ८, सूत्र ३७५-८८, पृ० ८२-८५

३. वही, अध्ययन ७, उद्देशक २, सूत्र ६३१-३२, पृ० २८९-९०

४. निशीथ सूत्र, आगम प्रकाशन समिति, व्यावर, राजस्थान, उद्देशक १८, सूत्र १-३२, पृ० ३९२-९४

५. वही, उद्देशक ९, सूत्र १, ६, पृ० १८२-८३

६. वही, सूत्र ८-९, पृ० १८५

७. वही, उद्देशक १२, सूत्र १६-३१, पृ० २६७-२६९

८. वही, उद्देशक ११, सूत्र ५, पृ० २२२

९. वही, उद्देशक १२, सूत्र ३३, पृ० २७७

१०. वही, उद्देशक १४, सूत्र ३३-३६, पृ० ३२१-२२

११. वही, उद्देशक १२, सूत्र ८, पृ० २५६

१२. प्रज्ञापना सूत्र, आगम प्रकाशन समिति, व्यावर, राजस्थान, पद ३५, सूत्र २०७७-८४, पृ० २२२-२६

१३. व्याख्या प्रज्ञप्ति, आगम प्रकाशन समिति, व्यावर, राजस्थान, शतक ७, उद्देशक ७, सूत्र २४, पृ० १७१

१४. आचारांग सूत्र, पूर्वोक्त, प्रथम श्रुतस्कन्ध, प्रथम अध्ययन, उद्देशक २, सूत्र १५, पृ० ११-१२

*****

पुरातनप्रबन्धसंग्रह की ऐतिहासिक मूल्यवत्ता

डॉ० अरुण प्रताप सिंह

विशाल भारतीय साहित्य की संरचना में जैन धर्म का अप्रतिम योगदान है। वैदिक एवं बौद्ध परम्परा के समान जैन परम्परा के आचार्यों ने ईसापूर्व की शताब्दियों से लेकर आधुनिक काल तक निरन्तर अपनी लेखनी के द्वारा उसे समृद्ध किया है। साहित्य समाज का दर्पण होता है और जैनाचार्यों ने निस्सन्देह अंग-उपांग, प्रकीर्णकं, छेद, मूल, निर्युक्ति, भाष्य, चूर्णि, कथा एवं काव्य साहित्य द्वारा तत्कालीन भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का जीवन्त प्रदर्शन किया है। प्रबन्ध साहित्य कथा एवं काव्य के अन्तर्गत आते हैं और इन क्षेत्रों में भी जैनाचार्यों का योगदान प्रशंसनीय है। प्रबन्ध अर्ध ऐतिहासिक वृत्तान्त होते हैं जिनमें समसामयिक घटनाओं के साथ-साथ थोड़ी कल्पनाएँ भी निहित होती हैं। परम्परा में श्रद्धा भाव रखने के कारण लेखक उसमें अलौकिकताओं का समावेश कर देता है। लेखक का यह कृत्य कोई अक्षम्य अपराध नहीं है क्योंकि वह इतिहास को केवल तिथि एवं घटनाओं का शुष्क मिश्रण ही नहीं मानता अपितु वह उसे साहित्य के अन्तर्गत रखना चाहता है। हिन्दू पुराण भी, जो जैन प्रबन्धों के थोड़ा पहले लिखे गये थे, कुछ इसी प्रकार के हैं। प्रारम्भ में अधिकांश पाश्चात्य एवं कुछ भारतीय इतिहासकारों ने उन्हें त्याज्य समझकर छोड़ दिया था तथा कल्पनाओं में विचरण करने वाला साहित्य माना था। परन्तु निरन्तर शोध की प्रवृत्ति के कारण पुराणों की ऐतिहासिक मूल्यवत्ता का बोध हुआ और अब तो द्वितीय-तृतीय शताब्दी ईस्वी से लेकर छठी-सातवीं शताब्दी ईस्वी तक अनेक ऐतिहासिक घटनाओं की पुष्टि इन्हीं पौराणिक ग्रन्थों से होती है। प्रबन्ध साहित्य के साथ भी ठीक यही स्थिति दिखायी देती है। अपने ग्रन्थों 'प्रबन्धचिन्तामणि' एवं 'प्रबन्धकोश' में क्रमशः आचार्य मेरुतुंग एवं आचार्य राजशेखर ने प्रबन्धों को लेकर इतिहास की एक स्पष्ट व्याख्या की है। आचार्य मेरुतुंग ने इतिहास को पूर्व-परम्परा, स्रोत-ग्रन्थ तथा यथाश्रुति का मिला-जुला रूप बताया है। उन्होंने प्रबन्धचिन्तामणि को तिथियों एवं कालक्रम से गुम्फित कर दिया है। इससे सिद्ध होता है कि उन्हें इतिहास की सच्ची पकड़ थी। वह स्पष्ट कहते हैं कि उन्होंने वह वृत्तान्त जैसा घटा था वैसा ही निवेदित किया है।[१] यह इतिहास की वैज्ञानिक परिभाषा थी। इसी प्रकार आचार्य राजशेखर ने प्रबन्ध साहित्य को इतिहास लेखन की एक नई विधा के रूप में प्रस्तुत किया तथा कल्पनाओं एवं अलौकिकताओं को काफी हद तक कम किया। पहली बार राजशेखर ने चरित-ग्रन्थों एवं प्रबन्ध ग्रन्थों के अन्तर को परिभाषित किया। इनके अनुसार ऋषभ-वर्धमान तीर्थंकरों, चक्रवर्ती नरेशों एवं आर्यरक्षित के काल तक (प्रथम शताब्दी

ईस्वी) के आचार्यों के जीवन-घटनाओं को चरित-ग्रन्थों के अन्तर्गत रखा गया है तथा उनके बाद के महापुरुषों की जीवन-घटनाओं को प्रबन्ध-साहित्य के अन्तर्गत[२]। आचार्य राजशेखर के कहने का तात्पर्य यह था कि राजाओं, गुणीवान पुरुषों, आचार्यों, श्रावकों, तीर्थों तथा ऐतिहासिक घटनाओं को लेकर लिखे गये वृत्त-प्रबन्ध हैं। हालांकि राजशेखर के कथन की कोई प्राचीन आधारशिला नहीं दिखायी देती और न कोई लक्ष्मण रेखा है जहाँ चरितों एवं प्रबन्धों को सर्वथा अलग-अलग खानों में रखा जा सके। उदाहरणस्वरूप- आचार्य हेमचन्द्र का त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित तथा मेरुतुंग का प्रबन्धचिंतामणि क्रमशः सर्वाधिक प्रसिद्ध चरित एवं प्रबन्ध-ग्रन्थ हैं। दोनों को सर्वरूपेण अलग कर पाना अत्यधिक कठिन है। दोनों में अर्ध-ऐतिहासिक वृत्तान्त हैं तथा दोनों में कल्पनाओं/अलौकिकताओं की हल्की सी छौंक भी है।

चरितों एवं प्रबन्ध ग्रन्थों में एक अन्तर अवश्य द्रष्टव्य है। चरित-ग्रन्थों में नायक में गुण ही गुण दिखाए जाते हैं, वहीं प्रबन्ध ग्रन्थों में नायक के गुणों के साथ उसके अवगुणों एवं दुर्बलताओं का भी वर्णन होता है इसमें जीवन की वास्तविक घटनाएँ अपने मूलरूप में प्रदर्शित की जाती हैं। इस प्रकार प्रबन्ध-साहित्य हिन्दू पुराणों एवं जैन चरित ग्रन्थों की तुलना में ज्यादा ऐतिहासिक हैं। यही कारण है कि उनमें वर्णित सामाजिक-धार्मिक एवं आर्थिक घटनाओं को तत्कालीन समाज का दर्पण माना जाता है। आधुनिक भारत का गुजरात प्रान्त इस दृष्टिकोण से विशेष भाग्यशाली रहा कि जैन आचार्यों ने अपने सर्वाधिक प्रबन्ध इसी भूमि पर लिखे। गुजरात ने भारतीय इतिहास के इतने कड़वे सच चखें हैं कि यहाँ ऐतिहासिक संवेदना एवं चेतना स्वतः उत्पन्न सी हो गई। भारत के अन्य किसी प्रान्त को यह श्रेय नहीं जाता। जैन आचार्यों ने १३वीं शताब्दी के प्रारम्भ से लेकर १६वीं शताब्दी के अन्त तक मालवा, गुजरात एवं राजस्थान के सम्बन्ध में प्राकृत-अपभ्रंश एवं संस्कृत में प्रबन्ध ग्रन्थों की रचनाएँ कीं। मेधावी आचार्यों ने अपने काल की घटनाओं को तो लिपिबद्ध किया ही, अपने काल के पूर्व की ऐतिहासिक घटनाओं एवं वंशावलियों को भी सशक्त रूप से सामने रखा। अपने पूर्व की घटनाओं को उन्होंने जनश्रुति से ग्रहण किया जिसकी अधिकांश बातें इतिहास सम्मत थीं। इस सशक्त विधा से भारतीय इतिहास के पुनर्लेखन में अत्यधिक सहायता प्राप्त हुई। मालवा, गुजरात एवं राजस्थान के सटे हुए प्रदेश की ऐतिहासिक घटनाएँ पूरे उत्तर भारत से सम्बद्ध थीं, अतः यह कहना अतिशयोक्ति नहीं कि पूर्वमध्यकाल एवं मध्यकाल की ऐतिहासिक घटनाओं के लिए प्रबन्ध-ग्रन्थों का अध्ययन सर्वथा अपेक्षित है। दूसरे शब्दों में, हर्ष की मृत्यु (सातवीं शताब्दी का मध्य) से लेकर मुगलकाल के पतन (अठारहवीं शताब्दी का प्रारम्भ) तक की

ऐतिहासिक घटनाओं के ये प्रामाणिक स्रोत हैं। हमें विवेक एवं धैर्य से कुछ कल्पित वर्णनों को ऐतिहासिक घटनाओं से अलग करना है।

(ख)

यहाँ इन प्रबन्धों के रचयिताओं/लेखकों एवं उनके रचनाकाल का प्रश्न विचारणीय है। प्रबन्धों के मूल लेखकों को खोज पाना अत्यन्त दुर्लभ है। आज हमारे पास ऐसा कोई स्रोत नहीं है कि हम उनके मूल लेखकों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। उदाहरणार्थ - प्रबन्धचिन्तामणि एवं प्रबन्धकोश के लेखक के रूप में क्रमश: मेरुतुंग एवं राजशेखर प्रसिद्ध हैं परन्तु वास्तव में ये इनमें संग्रहीत सभी प्रबन्धों के मूल लेखक नहीं हो सकते। प्रबन्धचिन्तामणि में ११ प्रबन्ध हैं तथा प्रबन्धकोश में २४ (इसीलिए इसका एक नाम चतुर्विंशतिप्रबन्ध भी है) इस तथ्य के सबसे बड़े साक्ष्य वे प्रबन्ध हैं जो दोनों ग्रन्थों में समान रूप से प्रांप्त होते हैं। अपने ग्रन्थ को पूरा करने के लिए राजशेखर ने पूर्ववर्ती प्रबन्धों से आधे से ज्यादा सामग्री ली है। इनकी मौलिक रचना ३-४ प्रबन्धों तक ही सीमित है। इससे सिद्ध होता है कि इस प्रकार के प्रबन्धों के मूल लेखक इन लेखकों (मेरुतुंग एवं राजशेखर) से भिन्न रहे होंगे, परन्तु उनके नाम अज्ञात हैं। जहाँ तक 'पुरातनप्रबन्धसंग्रह' का प्रश्न है, इसकी भी ठीक यही स्थिति है। सन् १९३५ में प्रसिद्ध आचार्य जिनविजयजी को पाटन भण्डार से यह प्रति प्राप्त हुई थी। उन्होंने इसे एकत्र कर प्रकाशित किया और आज यह ग्रन्थ उन्हीं के नाम से जाना जाता है। इसी प्रकार मेरुतुंग एवं आचार्य राजशेखर ने अपने समय में वर्तमान पूर्वरचित प्रबन्धों को संग्रहीत किया- कुछ प्रबन्धों की स्वयं रचना की। इस प्रकार सम्पूर्ण ग्रन्थ उनके नाम से प्रसिद्ध हो गया। जहाँ तक इनके रचनाकाल का प्रश्न है, उपर्युक्त पंक्तियों में दर्शाया गया है कि ये प्रबन्ध मुख्यत: १३वीं शताब्दी के प्रारम्भ से लेकर १६वीं-१७वीं शताब्दी के अन्त तक लिखे गये। कालान्तर में इनका सम्पादन एवं संशोधन होता रहा। आचार्य जिनविजयजी ने इसका अंतिम सम्पादन-काल १५वीं शती माना है। मुनि जी इस प्रति की सामग्री तथा आचार्य जिनभद्रकृत प्रबन्धावली की विषय-वस्तु को लेकर इसे पुरातनप्रबन्धसंग्रह नाम दिया है। उनका यह नामकरण वास्तविक रूप से सार्थक है।

(ग)

पुरातनप्रबन्धसंग्रह छोटे-छोटे प्रबन्धों का एक संग्रह है। स्पष्ट है, इन संग्रहों का लेखक न तो एक है और न इनका रचनाकाल एक है। आचार्य जिनविजयजी को इस प्रति के अन्तिम पृष्ठ से एक श्लोक प्राप्त हुआ जिसका आशय यह था कि संवत् १२९० (१२३३ई.) में जिनभद्र नामक एक आचार्य ने इन प्रबन्धों का संग्रह किया था। इस संग्रह का पावन उद्देश्य वस्तुपाल के पुत्र जयन्तसिंह को शिक्षा प्रदान करना था-

सिरिवत्थुपालनंदणमंतीसरजयंतसिंह भणणत्थं।
नागिंदगच्छमंडणउदयप्पहसूरिसीसेणं।।
जिणभद्देण य विक्कमकालाउ नवइ अहियवारसए।
नाणा कहाणपहाणा एस पबंधावलि रईआ।।[३]

इस गाथा से स्पष्ट है कि जिनभद्र के समय अर्थात् १२३३ई० तक इसके अधिकांश प्रबन्ध अस्तित्व में आ चुके थे। हमने उपर्युक्त पंक्तियों में जो यह सिद्ध करने का प्रयास किया है कि मेरुतुंग एवं राजशेखर दोनों ने अधिकांश प्रबन्धों को अपने पूर्वकर्तृक लेखकों से लिया है- इस कथन से उसकी पुष्टि होती है। प्रस्तुत प्रबन्धसंग्रह में भी कुछ कथानक ऐसे हैं जो प्रबन्धचिन्तामणि एवं प्रबन्धकोश में समान रूप से मिलते हैं। उदाहरणस्वरूप-कुमारपाल एवं विक्रमचरित्र सम्बन्धी अनेक कथानक हैं जो प्रबन्धकोश एवं पुरातनप्रबन्धसंग्रह में, थोड़े परिवर्तन के साथ, समान रूप से मिलते हैं। ठीक इसी प्रकार प्रबन्धचिन्तामणि में वर्णित उदयनप्रबन्ध, रैवतीतीर्थोद्धारप्रबन्ध, सोनलवाक्य, अंबडप्रबन्ध, अजयपालप्रबन्ध आदि कुछ प्रबन्ध दोनों में समान रूप से मिलते हैं। इस सम्बन्ध में यहाँ यह कहना महत्त्वपूर्ण है कि मेरुतुंग तथा राजशेखर के प्रबन्धों की तुलना में इस संग्रह के कुछ प्रबन्ध निश्चित ही पहले के हैं। मनीषी आचार्य जिनविजयजी ने भाषागत अपने संक्षिप्त अध्ययन में इस तथ्य की पुष्टि की है।

इसमें सन्देह नहीं कि पुरातनसंग्रह में समाविष्ट कुछ कथानक भारतीय इतिहास पुनर्लेखन के लिए अति महत्त्वपूर्ण हैं। उनसे प्राप्त विवरण के आधार पर ऐतिहासिक घटनाओं की नई इबारत लिखी जा सकती है। उदाहरणार्थ- हम पृथ्वीराजप्रकरण को लें। पाश्चात्य विद्वानों एवं उनका अनुसरण करते हुए कुछ भारतीय विद्वानों ने पृथ्वीराज के समकालीन चन्दबरदाई कृत 'पृथ्वीराजरासो' को कपोलकल्पित ग्रन्थ सिद्ध करने का प्रयास किया है। यदि हम पुरातनप्रबन्धसंग्रह के 'पृथ्वीराजप्रकरण' को पढ़ें तो सत्य का साक्षात्कार होता है। पूर्वाग्रह से ग्रसित इन विद्वानों के तर्क बालू की नींव पर आधारित दिखायी देते हैं। इस संग्रह में ऐसे पद्य वर्णित हैं जो 'पृथ्वीराजरासो' के बिलकुल समतुल्य हैं। उनकी भाषा भी आश्चर्यजनकरूप से समान है। एक पद्य की समता द्रष्टव्य है-

इक्कु बाणु पहुवीसु जु पइं कइंबासह मुक्कओ।
उर भिंतरि खडहडिउ धीर कक्खंतरि चुक्कउ।।
बीअं करि संधीउं भमइ सूमेसरनंदण!
एहु सु गडि दाहिमओ खणइ खुद्दइ सइंभरिवणु।।

फुड छंडि न जाइ इहु लुब्भिउ बारइ पलकउ खल गुलह,
नं जाणउं चंदबलद्दिउ किं न वि छुट्टइ इह फलह।।[४]
एक बान पहुमी नरेस कैमासह मुक्यौ।
डर उप्पर थरहन्यौ वीर कष्षंतर चुक्यौ।।
बियौ बान संधान हन्यौ सोमेसर नंदन।
गढौ करि निग्रह्यौ षनिव् गड्यौ संभरि धन।।
थल छोरि न जाइ अभागरौ गऽयौ गुन गहि अग्गरौ।
इम जपै चंदबरद्दिया कहा निघट्टै इय प्रलौ।।[५]

यदि हम प्रयुक्त प्रबन्ध के पृथ्वीराज से सम्बन्धित प्रकरण के अनुसार इसे संवत् १२९० (१२३३ई०) के पूर्व का मान लें, जिसके स्वीकार करने में कोई बाधा नहीं है, तो 'पृथ्वीराजरासो' की ऐतिहासिकता स्वयं सिद्ध हो जाती है जो इस महान नरेश की मृत्यु के ४०-५० वर्षों के अन्दर ही रची गई प्रतीत होती है। पृथ्वीराजप्रकरण तत्कालीन जनमानस में इतना लोकप्रिय था कि चन्दबरदाई की मृत्यु के बाद भी पृथ्वीराजरासो में परिवर्द्धन/संशोधन होते रहे परन्तु उसकी ऐतिहासिकता असंदिग्ध है। इसी प्रकार इस संग्रह में तमाम ऐतिहासिक बातें भरी पड़ी हैं जिनके अन्वेषण की आवश्यकता है। चौलुक्य वंश के जयसिंह सिद्धराज एवं कुमारपाल के समय की अनेक घटनाएँ इसमें सुरक्षित हैं। पूर्व में यह उल्लेख हो चुका है कि चरित ग्रन्थों में नायक के गुणों का ही प्रदर्शन होता है लेकिन प्रबन्धों में लेखक इस बन्धन से मुक्त होता है। वह नायक की दुर्बलताओं को भी समाज के सामने प्रस्तुत करता है। उदाहरणार्थ- 'अजयपालप्रबन्ध' में राजा के निर्दयी एवं असहिष्णु चरित्र को दर्शाया गया है। कुमारपाल के इस उत्तराधिकारी पुत्र ने आचार्य हेमचन्द्र के शिष्यों के साथ अत्यन्त निर्दयता का व्यवहार किया था। उसने आचार्य रामचन्द्र को, जो एक सौ से अधिक ग्रन्थों के प्रणेता थे, तप्त धातु पर बलपूर्वक बैठाकर मार डाला था। इस घटना की जैसे आखों देखी खबर इस संग्रह में सुरक्षित है और जिसकी पुष्टि अन्य समकालीन ग्रन्थों से भी होती है।[६]

इसी प्रकार यशस्वी मन्त्रियों वस्तुपाल-तेजपाल के धार्मिक कृत्यों का जैसा सजीव वर्णन इस संग्रह में है, वह ऐतिहासिकता के काफी निकट है। उनके द्वारा किए हुए कार्यों की पुष्टि अरिसिंह कृत 'सुकृतसंकीर्तन' से होती है। यहाँ यह कहना आवश्यक है कि अरिसिंह इन दोनों मन्त्रियों के समकालीन थे और उनके विवरण की सत्यता पर सन्देह नहीं किया जा सकता। प्रस्तुत संग्रह के विवरण को देखते हुए इसकी ऐतिहासिकता स्वयं सिद्ध हो जाती है। इसी प्रकार 'कुमारपालप्रबन्ध' में घटनाओं के

विवरण सत्य के काफी निकट हैं। उनके द्वारा पशु-हिंसा का निषेध तत्कालीन साक्ष्यों के समरूप है। इस संग्रह के विवरण कुमारपालप्रतिबोध, हेमचन्द्रकृत 'महावीरचरित', 'कुमारविहारशतक', 'कुमारविहारप्रशस्ति' आदि समकालीन पुस्तकों में तदुनुरूप हैं- यह लेखक के ऐतिहासिक दृष्टिकोण को प्रस्तुत करता है। कुमारपाल के मन्त्रियों में श्रीपाल, अहाड़, आम्रभट अथवा आम्बड अत्यधिक प्रसिद्ध थे- इस संग्रह में भी उनके यशोगान को प्रस्तुत किया गया है। जयसिंह सिद्धराज के मन्त्रियों के नाम भी इस संग्रह में यथावत उल्लिखित हैं तथा उनके धार्मिक क्रियाकलापों का वर्णन समकालीन साक्ष्यों के समरूप है। आचार्यों (हरिभद्र, सिद्धर्षि आदि) के वर्णन से भी ऐतिहासिक घटनाओं की पुष्टि होती है।

उपर्युक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि पुरातनप्रबन्धसंग्रह एक ऐतिहासिक वृत्तान्त है। इसमें सन्देह नहीं कि घटनाओं के वर्णन में कल्पना का सहारा लिया गया है लेकिन निस्सन्देह कल्पनाएँ ऐतिहासिक वृत्तान्तों पर हावी नहीं हो पायी हैं। विवेक एवं धैर्य के साथ अध्ययन करने पर ऐतिहासिक तथ्यों के नजदीक पहुँचा जा सकता है। इस दृष्टि से पुरातनप्रबन्धसंग्रह मध्यकाल (मुख्यत: ८वीं-९वीं शताब्दी से लेकर १४वीं शताब्दी तक) के इतिहास को जानने का एक प्रामाणिक स्रोत है और यही इस विशिष्ट ग्रन्थ की ऐतिहासिक मूल्यवत्ता है।

संदर्भ :

१. यथाश्रुतं सङ्कलित: प्रबन्धैर्ग्रन्थो मया मन्दधियापि यत्नात् ।
प्रबन्ध चिन्तामणि, आचार्य मेरूतुग, अधिष्ठाता सिंघी जैन ज्ञानपीठ, कलकत्ता, १९३३, श्लोक ३, पृ० १२५

२. श्रीऋषभादिवर्धमानान्तानां जिनानां, चक्र्यादीनां राज्ञाम्, ऋषीणांचार्यरक्षितान्तानां वृत्तानि चरितानि उच्यन्ते। तत्पश्चात्कालभाविनां तु नराणां वृत्तानि प्रबन्धा इति'', प्रबन्धकोश, राजशेखर सूरि, सिंघी जैन ज्ञानपीठ, विश्वभारती शांतिनिकेतन, १९३१, पृ० १

३. पुरातनप्रबन्धसंग्रह, सं. जिनविजयमुनि, अधिष्ठाता सिंघी जैन ज्ञानपीठ, कलकत्ता, १९३६, प्रथम संस्करण, पृ० १३६

४. पुरातनप्रबन्धसंग्रह, पूर्वोक्त, पद्यांक २७५, पृ० ८६

५. पृथ्वीराजरासो, पद्य २३६, पृ० ४१९६

६. तत्र जिह्वां खण्डयित्वा उपविशता तेन दोधकपञ्चशती कृता।। - पुरातनप्रबन्धसंग्रह, पूर्वोक्त, पृ० ४९

*****

जैन परम्परा के परिप्रेक्ष्य में विवाह पद्धति एवं वर्ण व्यवस्था

प्रो० कमलेश कुमार जैन

सामान्य रूप से विवाह एक सामाजिक बन्धन है, किन्तु इस बन्धन को स्थायी बनाने हेतु हम उसे धार्मिक रूप दे देते हैं। धर्म की एक विशेषता यह है कि उसमें श्रद्धा अधिक और तर्क कम होते हैं। अत: तर्क-कुतर्क से बचने के लिये विवाह को धार्मिक स्वरूप प्रदान किया गया है। यदि इसे धार्मिक स्वरूप न दें तो अव्यवस्था फैल जायेगी और हम सभी का जीवन पशुवत् हो जायेगा। परस्पर में न कोई पिता होगा और न कोई पुत्र न कोई माता होगी और न कोई बेटा। हम रात-दिन भोगों में तो संलग्न रहेंगे, किन्तु हमारी परस्पर में कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

समाज का अर्थ ही है एक दूसरे के सुख-दु:ख में सहभागी बनना। हमारा प्रत्येक कार्य दूसरे को प्रभावित करता है, फिर चाहे वह अच्छा हो अथवा बुरा। इसलिये सामाजिक दृष्टि से अच्छे कार्यों के लिये प्रोत्साहित किया जाता है और खोटे कार्यों से विरत रहने का संदेश दिया जाता है।

चारित्रमोहनीय कर्म के वशीभूत पुरुष का स्त्री के प्रति एवं स्त्री का पुरुष के प्रति जो राग है उसकी पूर्ति हेतु विवाह किया जाता है। देव, शास्त्र और गुरु की साक्षी तथा माता-पिता एवं सगे-सम्बन्धियों की स्वीकृतिपूर्वक जो विवाह किया जाता है, वह धर्म और कुल की वृद्धि का कारण बनता है।

चारित्रमोहनीय कर्म के कारण हम अनादिकाल से भोगों अथवा पञ्चेन्द्रियों के विषय में आकण्ठ डूबे हुये हैं। इन विषय-वासनाओं से एकदम विरत होना असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य है। कितने ही महापुरुष विवाह-बन्धन में बंधे बिना ही मुक्ति को प्राप्त हो गये हैं, किन्तु यह कथन वर्तमान पर्याय की अपेक्षा है। उन्हीं महापुरुषों की पिछली पर्यायों पर विचार करें तो वे भी उसी संसार-सागर में निमग्न रहे हैं। बाद में उन्होंने अपनी वर्तमान पर्याय से मुक्ति प्राप्त की है-

पशु और मनुष्य में भेद करते हुये नीतिकारों ने लिखा है कि-

आहार निद्रा भय मैथुनञ्च सामान्यमेतत् पशुभिर्नराणाम् ।
धर्मो हि तेषामधिको विशेषो धर्मेण हीना:पशुभि: समाना:।।

अर्थात् आहार, निद्रा, भय और मैथुन - ये चार संज्ञायें प्रत्येक जीव में समान रूप से पाई जाती हैं। यहाँ तक कि एकेन्द्रिय वनस्पति में भी ये चार संज्ञायें पाई जाती

हैं। यद्यपि ऊपर से देखने में ऐसा प्रतीत नहीं होता है, किन्तु गहराई से विचार करने पर सभी बातें स्पष्ट हो जाती हैं। नर की अपेक्षा मादा में काम-वासना तीव्र होती है। एकेन्द्रिय वनस्पति की प्रतिनिधि मादा लतायें नर रूप वृक्ष का सहार लेती हैं अर्थात् वृक्ष से लिपट जाती हैं। यह सब अव्यक्त काम-वासना का ही प्रतीक है।

काम-वासना की तीव्रता जब मूक एकेन्द्रिय जैसे प्राणियों से लेकर संज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीवों तक में भी पाई जाती है तो पञ्चेन्द्रिय स्त्री-पुरुष में पाया जाना स्वाभाविक है। क्योंकि यह पूर्ण विकसित प्राणी है। चूंकि मानव जाति एक सभ्य और प्रतिष्ठित जाति है, वह विवेकवान् है, बौद्धिक स्तर उनका अत्यन्त उन्नत है, अत: सामान्य प्राणियों से मनुष्य को पृथक् करने के लिये एक मात्र धर्म या विवेक ही ऐसा है जो उसे पशुओं से पृथक् कर देता है।

धर्म दो प्रकार का है- एक सामाजिक धर्म और दूसरा आध्यात्मिक धर्म। हम चाहें तो उन्हें शास्त्रीय भाषा में व्यवहार धर्म और निश्चय धर्म भी कह सकते हैं। व्यवहार पूर्वक ही निश्चय में प्रवेश किया जा सकता है।

विवाह धर्म तो है, किन्तु वह सामाजिक धर्म है। व्यवहार धर्म है और यह धर्म यदि हम चाहें तो निश्चय के मार्ग में लगाने में साधक बन सकता है। अन्यथा विवाह जैसी सामाजिक व्यवस्था भी मनुष्य को पतन के गर्त से बचा नहीं सकती है।

जैन शास्त्रों में उल्लिखित जीव, अजीव, आस्रव, बन्ध, संवर, निर्जरा और मोक्ष- इन सात तत्त्वों में से अन्तिम तीन अर्थात् संवर, निर्जरा और मोक्ष- ये सामाजिक व्यवस्था विवाह में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण एवं कार्यकारी हैं। संवर तत्त्व की दृष्टि से विचार करें तो विवाह रूप सामाजिक धर्म हमें असीमित भोगों को भोगने की अपेक्षा सीमित अर्थात् एकदेश भोग भोगने में सहायक बनता है। अर्थात् विवाह वह सामाजिक बन्धन है, जो स्त्री और पुरुष दोनों को काम-भोगों के अथाह सागर से निकालकर उन्हें एक दूसरे में ही संतुष्ट रहने के लिये प्रेरित करता है। इस प्रकार हम विवाह के माध्यम से अपने काम-भोगों का एकदेश संवर करने में सफल हो सकते हैं और क्रमश: ब्रह्मचर्याणुव्रत तथा ब्रह्मचर्य महाव्रत को जीवन में धारण करके काम-भोगों से लब्ध कार्यों की निर्जरा करके अन्त में मुक्ति को प्राप्त कर सकते हैं।

आचार्य पूज्यपाद ने कन्यादान को विवाह कहा है।[१] इसी को और स्पष्ट करते हुये आचार्य अकलङ्क देव ने लिखा है कि सातावेदनीय और चारित्रमोह के उदय से जो कन्या का वरण किया जाता है वह विवाह है।[२] इसी का समर्थन आचार्य विद्यानन्द ने भी किया है।[३] आचार्य सोमदेवसूरि थोड़ा सा कुछ आगे बढ़ते हुये कहते हैं कि-

'युक्तितो वरणविधानम् अग्निदेवद्विजसाक्षिकं च पाणिग्रहणं विवाह'[४] अर्थात् युक्ति से जो वरण का विधान है तथा अग्निदेव और ब्राह्मण की साक्षी में जो कन्या के हाथ को ग्रहण किया जाता है वह विवाह है।

यहाँ आचार्य सोमदवसूरि वैदिक परम्परा की ओर झुके हुये प्रतीत होते हैं। क्योंकि जैनशास्त्रों में जहाँ देव, शास्त्र और गुरु की साक्षी पूर्वक कन्या के वरण का विधान है, वहीं आचार्य सोमदेवसूरि अग्निदेव एवं ब्राह्मण की साक्षी पूर्वक कन्यावरण की बात करते हैं। मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि आचार्य सोमदेवसूरि का एक मन्त्र वाक्य है कि-

सर्व एव हि जैनानां प्रमाणं लौकिको विधिः।

यत्र सम्यक्त्वहार्निन यत्र न व्रतदूषणम् ।।[५]

अर्थात् जहाँ सम्यग्दर्शन में किसी भी प्रकार का दोष न लगता हो तथा गृहीत व्रतों में दूषण न लगता हो ऐसे सभी कार्यों में लोक प्रमाण है। अर्थात् जैसी लोक व्यवस्था है तथैव सभी जैन धर्मावलम्बियों को स्वीकार करना चाहिये। इससे अन्य चाहे जो भी सिद्ध हो, किन्तु सोमदेवसूरि की दृष्टि में विवाह एक लोक व्यवस्था है, लौकिक धर्म है। अतः लोकाचार के अनुसार ही उन्होंने अग्निदेव एवं ब्राह्मण की साक्षी पूर्वक कन्यावरण को विवाह कहा है।

वैदिक धर्मग्रन्थों में विवाह आठ प्रकार का बतलाया गया है-

ब्राह्मो दैवस्तथैवार्षः प्राजापत्यस्तथासुरः।

गान्धर्वो राक्षसश्चैव पैशाचश्चष्टमोऽधमः।।[६]

अर्थात् ब्राह्म, दैव, आर्ष, प्राजापत्य, आसुर, गान्धर्व, राक्षस और पिशाच् - ये आठ प्रकार के विवाह हैं।

ब्राह्म- इसमें आभूषणों से अलंकृत कन्या वर से बिना कुछ लिये उसे दान कर दी जाती है। यह सर्वश्रेष्ठ है।

दैव- इसमें कन्या यज्ञ कराने वलो ऋत्विज् को दे दी जाती है।

आर्ष- इसमें दुलहिन का पिता वर से एक या दो जोड़ी गायें प्राप्त करके उसे दे देता है।

प्राजापत्य- इसमें लड़की का पिता वर से बिना किसी प्रकार का उपहार लिये केवल इसलिये कन्यादान करता है कि जिससे वह सानन्द, श्रद्धा और भक्तिपूर्वक साथ-साथ रहकर दाम्पत्य जीवन बिताये।

आसुर- इसमें वर वधू को उसके पिता अथवा पैतृक बान्धवों से खरीद लेता है।

गान्धर्व- इसमें युवक और युवती का पारस्परिक प्रेम ही मुख्य है। इसमें न किसी रीति-रस्म की आवश्यकता होती है और न सगे-सम्बन्धियों की अनुमति।

राक्षस- इसमें दुलहिन के सम्बन्धियों को युद्ध में परास्त कर कन्या को बलात् उठाकर ले जाया जाता है।

पैशाच- इसमें किसी सोई हुई, प्रमत्त या पागल कन्या का उसकी स्वीकृति के बिना उसका कौमारहरण किया जाता है। यह निम्न कोटि का विवाह है।

सुप्तां मत्तां प्रमत्तां वा दंहो यत्रोपगच्छति।

स पापिष्ठो विवाहानां पैशाचश्चाष्टमोऽधमः।।[७]

दैव, शास्त्र और गुरु को नमस्कार कर तथा अपने भाई-बन्धुओं की साक्षीपूर्वक जिस कन्या के साथ विवाह किया जाता है वह विवाहिता स्त्री कहलाती है। ऐसी विवाहिता स्त्री के अतिरिक्त अन्य सब पत्नियाँ दासी कहलाती हैं। उनमें जो विवाहित पत्नी है उसके दो भेद हैं और उन दोनों के लक्षण भी अलग-अलग हैं। कर्मभूमि में रूढ़ि से चली आई जो अलग-अलग जातियाँ हैं, उनमें से अपनी जाति की कन्या के साथ विवाह करना और अन्य जाति की कन्या के साथ विवाह करना। इस प्रकार अपनी जाति की विवाहिता पत्नी और अन्य जाति की विवाहित पत्नी के भेद से पत्नियाँ दो प्रकार की हैं। अपनी जाति की जिस कन्या के साथ विवाह किया जाता है, वह धर्मपत्नी कहलाती है। ऐसी धर्मपत्नी ही धर्मकार्यों में साथ रह सकती है।[८]

पिता की साक्षीपूर्वक अन्य जाति की कन्या से जो विवाह किया जाता है वह भोगपत्नी कहलाती है। क्योंकि वह केवल भोग का ही साधन है। इस प्रकार अपनी जाति और पर जाति के भेद से स्त्रियाँ दो प्रकार की हैं तथा जिसके साथ विवाह नहीं हुआ है ऐसी स्त्री दासी या चेरी कहलाती है। ऐसी दासी केवल भोगाभिलाषिणी होती है।[९]

धर्म के जानने वाले पुरुषों को भोग पत्नी का पूर्ण रूप से त्याग कर देना चाहिये। यद्यपि विवाहिता होने से वह ग्रहण करने योग्य है तथापि धर्मपत्नी से वह सर्वथा भिन्न है। इसलिये उसके सेवन करने में दोष ही है। दासी के साथ विषय सेवन करने से वज्रलेप के समान पापों का संचय होता है। यदि पुण्यार्जन करने में भावों की शुद्धता ही कारण है, क्योंकि वस्तु का स्वभाव भी इसी प्रकार है तो फिर दासी के साथ विषय-सेवन करने से वह परिणामों की शुद्धता नष्ट हो जाती है।[१०]

विवाह से मैथुन क्रिया का निकट का सम्बन्ध है और मैथुन क्रिया में हिंसा होती है। इसी बात को स्पष्ट करते हुए आचार्य अमृतचन्द्रसूरि लिखते हैं कि-

हिंस्यन्ते तिलनाल्यां तप्तायसि विनिहिते तिला यद्वत्।

बहवो जीवा योनौ हिंस्यन्ते मैथुने तद्वत् ।।[११]

अर्थात् जिस प्रकार तिलों से युक्त नाली में तपी हुई लौहशलाका डालने से तिलों का नाश हो जाता है, उसी प्रकार मैथुन क्रिया करने पर योनि में रहने वाली जीवराशि का नाश होता है। इसलिये वे आगे लिखते हैं कि-

ये निजकलत्रमात्रं परिहर्तुं शक्नुवन्ति न हि मोहात् ।

नि:शेष शेषयोषिन्निवेषणं तैरपि न कार्यम् ।।[१२]

अर्थात् जो पुरुष चारित्रमोहनीय कर्म के उदय से अपनी स्त्री मात्र को नहीं छोड़ सकते हैं, उनके द्वारा भी समस्त शेष अन्य स्त्रियों का सेवन नहीं करना चाहिये।

पुरुषार्थसिद्ध्युपाय की मंगला नामक संस्कृत टीका में मुनिश्री १०८ प्रणम्यसागर जी महाराज ने लिखा है कि-

स्वदारमात्रसन्तोषेऽशेषेच्छासमुद्रशोषणाद् देशव्रती भवतीतरथा व्यभिचारप्रसक्ति:।[१३]

अर्थात् अपनी स्त्री को छोड़कर शेष समस्त स्त्रियों में काम की अभिलाषा नहीं करनी चाहिये। स्वस्त्री में सन्तोष होने पर बाकी समस्त स्त्रियों में इच्छा रूपी समुद्र के शोषण से देशव्रती संज्ञा होती है, अन्यथा व्यभिचार का प्रसंग आयेगा।

आचार्य जिनसेन के अनुसार विवाह सन्तानोत्पत्ति के लिये ही किया जाता है, वे लिखते हैं कि-

सन्तानार्थमृतावेव कामसेवां मिथो यजेत् ।[१४]

अर्थात् केवल सन्तान उत्पन्न करने की इच्छा से ऋतुकाल में ही परस्पर काम-सेवन करें।

जहाँ तक वर्ण व्यवस्था का प्रश्न है तो वर्ण व्यवस्था के सम्बन्ध में जैन ग्रन्थों में लिखा है कि कृतयुग में कल्पवृक्षों का अभाव हो गया। अत: भूख से पीड़ित प्रजा अन्तिम कुलकर नाभिराय के पास गई तो उन्होंने प्रजा की पीड़ा सुनकर कुमार आदिनाथ के पास यह कहकर भेज दिया कि कुमार ही इस दु:ख से मुक्त करने में

सहायक हो सकते हैं। भूख से पीड़ित प्रजा के उपस्थित होने पर कुमार आदिनाथ ने असि, मषि, कृषि, विद्या, वाणिज्य और शिल्प- इन षट्कर्मों का उपदेश दिया। तदनुसार जिन्होंने असि कर्म के माध्यम से देश की सुरक्षा करते हुये अपनी आजीविका प्रारम्भ की वे क्षत्रिय कहलाये। जिन्होंने कृषि और वाणिज्य कर्म को अपनाकर अपनी आजीविका प्रारम्भ की वे वैश्य कहलाये और जिन्होंने विद्या और शिल्प को अपनी आजीविका का आधार बनाया वे शूद्र कहलाये। इस प्रकार आजीविका के आधार पर आदिनाथ को तीन वर्णों की उत्पत्ति में कारण बतलाया गया है। मषि कर्म किस वर्ण का कार्य था इसका उल्लेख देखने में नहीं आया है। सम्भव है इस कार्य को सभी वर्ण के लोगों ने अपनी आजीविका का साधन बनाया हो।[१५] प्रजा को कृषि आदि कर्मों में लगाने का सर्वप्रथम उल्लेख आचार्य समन्तभद्र ने किया है।[१६] तदनन्तर अधिकांश पुराणकारों ने इसका उल्लेख किया है और स्पष्ट लिखा है कि भगवान् ऋषभदेव ने षट्कर्मों के साथ ही तीन वर्णों की भी स्थापना की है और भरत चक्रवर्ती ने ब्राह्मणवर्ण की स्थापना की है।

सोमदेवसूरि ने लौकिक धर्म का जैनीकरण किया है। इसके मूल में तत्कालीन ब्राह्मण धर्म का वर्चस्व ही प्रमुख प्रतीत होता है।

यदि जन्म से वर्ण व्यवस्था को स्वीकार कर लिया जाये तो जिस व्यक्ति ने शूद्र वर्ण में जन्म लिया है वह आजीवन शूद्र ही रहेगा, किन्तु यदि आजीविका के आधार पर वर्ण व्यवस्था को स्वीकार किया जाता है तो अच्छे कार्य करने पर शूद्र वर्ण में उत्पन्न व्यक्ति भी ब्राह्मण आदि वर्णों की कोटि में आ सकता है।[१७]

सोमदेवसूरि के अनुसार जन्म से वर्ण व्यवस्था का कथन न तो ऋषभदेव ने किया है और न ही चक्रवर्ती भरत ने। इसका आधार तो महापुरुष न होकर वैदिक ग्रन्थ श्रुति और स्मृति ही हैं।[१८]

सिद्धान्ताचार्य पण्डित फूलचन्द्रजी शास्त्री ने लिखा है कि- जैनधर्म की अपेक्षा से इतना ही कहा जा सकता है, 'आध्यात्मिक क्षेत्र में यह (वर्ण व्यवस्था) ग्राह्य न होकर भी सामाजिक क्षेत्र में व्यवहार से मान्य ठहराई गई है। इसलिये ऋषभदेव ने तीन वर्ण की और भरत चक्रवर्ती ने ब्राह्मण वर्ण की स्थापना, जैसा कि सोमदेवसूरि कहते हैं कि एक तो की न होगी और यदि की भी होगी तो वह ऊपर से नहीं लायी गयी होगी, किन्तु उन्होंने कर्म के अनुसार नामकरण करके यह प्रजा के ऊपर छोड़ दिया होगा कि वह अपने-अपने कर्म के अनुसार उस-उस वर्ण को स्वीकार कर ले।'[१९] पण्डित जी आगे लिखते हैं कि- वर्णाश्रम धर्म जैनधर्म का अंग नहीं है और इसलिए हम

वर्णाश्रम धर्म के आधार पर शूद्रों के धर्म सम्बन्धी नैसर्गिक अधिकारों का अपहरण नहीं कर सकते।[२०]

अनेक ग्रन्थों का आलोड़न-विलोड़न करने के पश्चात् पं० फूलचन्द्र जी शास्त्री ने निष्कर्ष स्वरूप लिखा है कि- जैनधर्म में वर्ण व्यवस्था को रञ्च मात्र भी स्थान नहीं है। यदि जैन धर्म के अनुयायी लौकिक दृष्टि से स्वीकार भी करते हैं तो उसे कर्म के आधार से ही स्वीकार किया जा सकता है, जन्म से नहीं।[२१]

विवाह एक सामाजिक व्यवस्था है। इसमें योग्य वर एवं योग्य वधु का परस्पर चयन ही मुख्य है। सामाजिक दृष्टि से सवर्ण विवाह ही करना चाहिए। वैसे पुराणों में सवर्ण के साथ ही असवर्ण विवाह के भी उदाहरण मिलते हैं।

मनुस्मृति आदि वैदिक ग्रन्थों में विवाह के जो नियम हैं उन्हें महापुराण के लेखन काल से लेकर जैन परम्परा में भी स्वीकार कर लिया गया है। परन्तु इतने मात्र से पूर्वकाल में उन नियमों का उसी रूप में पालन होता था, यह नहीं कहा जा सकता है।[२२] क्योंकि पुराणों में लिखा है कि वीरक श्रेष्ठी की स्त्री वनमाला को राजा सुमुख ने बलात् अपने घर में रख लिया था और उसे पटरानी बना लिया। कालान्तर में दोनों ने मुनि को आहार दिया और पुण्य बन्धकर भोग-भूमि प्राप्त की।[२३] इसी प्रकार प्रद्युम्नचरित में आया है कि- हेमरथ राजा की पत्नी चन्द्रप्रभा को राजा मधु ने बलात् अपहरण कर उसे पटरानी बनाया और कालान्तर में दोनों ने मुनिधर्म और आर्यिका के व्रत को स्वीकार कर सद्गति पाई।[२४] यहाँ इस कथन से मात्र इतना ही अभीष्ट है कि विवाह एक सामाजिक व्यवस्था है और इसके कारण किसी के भी धार्मिक क्रिया-कलापों पर अंकुश नहीं लग सकता है। हाँ! सामाजिक व्यवस्था बनी रहे इसके लिये समाज में समय-समय पर अनेक नियम बनाये गये हैं, जिन्हें सामाजिक दृष्टि से स्वीकार भी करना चाहिये।

संन्दर्भ :

१. कन्यादानं विवाहः। -सर्वार्थसिद्धि ७/२८

२. सद्वेद्यचारित्रमोहोदयात् विवहनं कन्यावरणं विवाह इत्याख्यायते - तत्त्वार्थवार्तिक ७/२८/१

३. सद्वेद्यचारित्रमोहोदयात् विवहनं विवाहः। - तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक ७/२८

४. नीतिवाक्यामृत ३१/३

५. यशस्तिलकचम्पू, महाकाव्यम्, अष्टम आश्वासः- अनुवादक पंडित सुन्दरलाल शास्त्री, श्री महावीर जैन ग्रन्थमाला, वाराणसी, १९७१, पृ० ३७९

६. मनुस्मृति ३/२१ (द्रष्टव्य- संस्कृत-हिन्दी-कोश, विवाह शब्द)
७. वही ३/३४
८. लाटी संहिता, पद्य १/१७८-१८०
९. वही, पद्य १/१८३-८४
१०. वही, पद्य १/१८६-१८८
११. पुरुषार्थसिद्ध्युपाय, कारिका, 108
१२. वही, कारिका, ११०
१३. वही, कारिका, ११० की टीका
१४. महापुराण, ३८/१३४
१५. वर्ण, जाति और धर्म, पृ० १७४
१६. वही
१७. वही, पृ० १८०
१८. वही, पृ० १८०
१९. वही, पृ० १८१
२०. वही, पृ० १८२
२१. वही, पृ० १८६
२२. वही, पृ० १९०
२३. वही, पृ० १८९-१९०
२४. वही, पृ० १९०

*****

इण्टरनेट पर जैन साहित्य एवं शोध सामग्री

डॉ० विवेकानन्द जैन

सूचना तकनीकी का प्रभाव हमारे जीवन के सभी क्षेत्रों के साथ-साथ लेखन तथा प्रकाशन पर भी पड़ा है। आज सूचना स्रोत इलेक्ट्रानिक तथा प्रिंटेड दोनों रूपों में प्रकाशित हो रहे हैं। वर्तमान समय में धार्मिक एवं दार्शनिक जैन साहित्य के प्राचीन दुर्लभ ग्रंथ तथा शोध सामग्री भी इण्टरनेट पर उपलब्ध हैं, उन्हें कैसे तथा कहाँ से प्राप्त किया जा सकता है? इस विषय पर जानकारी इस लेख में दी गई है।

प्रस्तावना : जैन धर्म के विस्तार एवं अंतर्राष्ट्रीयकरण में ऑनलाइन जैन डिजिटल ई-लाइब्रेरी (www.jainelibrary.com), इण्टरनेशल दिगम्बर जैन आर्गेनाइजेशन (www.idjo.org) तथा इंटरनेट आधारित संस्थाओं एवं पुस्तकालयों की वेबसाइट्स का विशेष योगदान है। आज जैन धर्म तथा जैन साहित्य विश्व के १०० से भी अधिक देशों में इण्टरनेट आधारित डिजिटल लाइब्रेरी के माध्यम से पहुँच रहा है। अत: इण्टरनेट तथा टी०वी० चैनल्स ने भी जैन धर्म के प्रचार प्रसार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इण्डिया : इस वेबसाइट के माध्यम से अनेक ऐतिहासिक महत्त्व के धार्मिक, सामाजिक ग्रंथों को प्राप्त किया जा सकता है। इस पर उपलब्ध ग्रंथ सभी के लिये नि:शुल्क हैं जिन्हें ऑनलाइन पढ़ा भी जा सकता है तथा आवश्यकतानुसार डाउनलोड भी किया जा सकता है। इस हेतु वेबसाइट देखें : www.dli.gov.in or www.dli.ernet.in

(चित्र १ : डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इण्डिया : www.dli.gov.in)

डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इण्डिया पर अक्टूबर २०१५ तक जैन धर्म से सम्बन्धित लगभग ३६०९ पुस्तकें उपलब्ध हैं जिनके लगभग ११ लाख पृष्ठों की सामग्री इस वेबसाइट पर है।

डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इण्डिया पर पुस्तकों को लेखक के नाम से (Author), पुस्तक के नाम से (Title), भाषा (Language), विषय (Subject), कीवर्ड (Keyword), प्रकाशन वर्ष (Year), केंद्र या संस्था (Centre/Name of Library) आदि अनेक तरीकों से खोजा जा सकता है। इस वेबसाइट पर अधिकतर प्राचीन ग्रंथ ही उपलब्ध हैं जो कि कॉपीराइट से मुक्त हैं।

जैन ई-लाइब्रेरी (www.jainelibrary.org) :

मैंने व्यक्तिगत रूप से "जैन ई-लाइब्रेरी' को जैन साहित्य से सम्बन्धित सामग्री के लिये बहुत ही उपयोगी पाया। इसके संग्रह में लगातार विकास हो रहा है। इसमें नयी सामग्री जुड़ती रहती है साथ ही नये-नये उपयोगकर्ता भी देश-विदेश से जुड़ते रहते हैं।

"जैन ई-लाईब्रेरी" पर पुस्तकों को लेखक के नाम से, पुस्तक के नाम से या उसके किसी एक शब्द से भी खोजा जा सकता है। इसमें खोजने के लिए उच्चस्तरीय गहन सर्च (Advanced Search) की भी सुविधा है। इस वेबसाइट पर ६००० से अधिक पुस्तकें, ४००० से अधिक लेख तथा अनेक पाण्डुलिपियाँ हैं।



(चित्र २ : जैन ई-लाइब्रेरी : www.jainelibrary.org)

इण्टरनेशनल दिगम्बर जैन ऑर्गेनाइजेशन (www.idjo.org) द्वारा संचालित वेबसाइट पर भी पुस्तकें, मेनुस्क्रिप्ट्स तथा अन्य धार्मिक सामग्री उपलब्ध हैं। इसके अलावा कुछ अन्य उपयोगी वेबसाइट jainworld.com; Jinvaani.org; jainonweb.com; jaindharmonline.com आदि हैं।

जैन ग्रंथ्स (www.jaingranths.com) : यह जैन ग्रंथों के लिये एक उपयोगी वेबसाइट है। इस वेबसाइट पर दिगम्बर परम्परा के ७०५ तथा श्वेताम्बर परम्परा के ३११ ग्रंथ सहज उपलब्ध हैं। ये ग्रंथ उन सभी व्यक्तियों के लिये हैं जो जैन धर्म के सिद्धान्तों में रुचि रखते हैं या जैन धर्म के प्रामाणिक प्राचीन ग्रंथों का अध्ययन करना चाहते हैं।

(Fig.3 : Website of Jain Granths : http://www.jaingranths.com)

जिनवाणी (www.jinvaani.org) : यह जैन धर्म के प्राचीन ग्रंथों के लिये एक उपयोगी वेबसाइट है जिस पर पुस्तकें, लेख, प्रवचन तथा बच्चों के लिये प्रारम्भिक जानकारी की सामग्री उपलब्ध है।

जैन वर्ल्ड डॉट कॉम (www.jainworld.com) : इस वेबसाइट पर बहुत अधिक संख्या में ई-बुक्स तथा अन्य धार्मिक सामग्री है जो कि १५० देशों के ९२,०० से अधिक पाठकों द्वारा प्रतिदिन उपयोग की जा रही है।

(Fig.4 : Website of Jain world : http://www.jainworld.com)

जैन शोध सामग्री : शोध सामग्री के लिये जैन संस्थाओं या उनसे सम्बन्धित पुस्तकालयों की वेबसाइट के माध्यम से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। भारत देश के विश्वविद्यालयों से हुये शोध कार्यों को इंफ्लिबनेट (www.inflibnet.ac.in) की वेबसाइट पर उपलब्ध इण्डकेट : ऑनलाइन यूनियन कैटलॉग (http://indcat.inflibnet.ac.in) से देखा जा सकता है।



(चित्र ५ : इण्डकेट : ऑनलाइन यूनियन कैटलॉग (http://indcat.inflibnet.ac.in)

इस वेबसाइट पर २३७ विश्वविद्यालयों के २,६७,९१९ शोध-प्रबंधों की सूची है। इसके अनुसार वर्ष २०१५ तक जैन धर्म एवं दर्शन से सम्बन्धित ५२५ से अधिक शोध-प्रबंध भारतीय विश्वविद्यालयों में जमा हो चुके हैं। इस वेबसाइट से अन्य विषयों के शोध कार्यों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

विगत कुछ वर्षों से इंफ्लिबनेट ने शोध-गंगा नाम से एक प्रोजेक्ट प्रारम्भ किया है जिसपर २३१ विश्वविद्यालयों की ५८,००० से अधिक फुलटेक्स्ट थीसिस को देखा तथा डाउनलोड भी किया जा सकता है।



(चित्र ६ : शोध गंगा : ऑनलाइन फुलटेक्स्ट थीसिस
(shodhganga.inflibnet.ac.in)

निष्कर्ष : आज इंटरनेट ने सूचना के द्वार सभी के लिये खोल दिये हैं। सूचना का आदान-प्रदान भी बहुत तेजी से बढ़ा है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम इण्टरनेट पर उपलब्ध धार्मिक साहित्य तथा अन्य सूचना स्रोतों का सही तरह से शोध कार्यों में, साहित्य के विकास में तथा समाज के उत्थान में उपयोग करें। आशा है ऊपर बतायी गयी वेबसाइट के माध्यम से आवश्यक अति प्राचीन पुस्तकों एवं अन्य जानकारियों का लाभ समाज के सभी लोग उठाकर लाभान्वित होंगे।

संदर्भ :

१. जैन ई-लाइब्रेरी (www.jainelibrary.org) visited on 13/10/2015.

२. इण्टरनेशनल दिगम्बर जैन ऑर्गेनाइजेशन (www.idjo.org) visited on 13/10/2015.

३. डिजिटिल लाइब्रेरी ऑफ इण्डिया (www.dli.gov.in) visited on 13/10/2015.

४. जैन, विवेकानंद तथा दांगी, रामकुमार (२०१५) इण्टरनेट पर हिंदी के सूचना स्रोत तथा शोध सामग्री, सूचना प्रबंधन, संपा० सुरेश कुमार जिंदल तथा फूलदीप कुमार, रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली, पृ० 103-107 (ISBN : 978-81-86514-69-6).

५. INDCAT : Union Catalogue of Indian Universities : http://indcat.inflibnet.ac.in/ visited on 14/10/2015.

६. जैन ग्रंथ्स (www.jaingranths.com)

७. जिन वाणी (http://www.jinvaani.org)

८. शोध गंगा (http://shodhganga.inflibnet.ac.in/).

*****

Jaina Inscriptions related to the Ratta Chieftains

Pinal Jain

The Rattas were chieftains of Veṇugrāma in modern Belgaum and of Sugandhavartī which is also located in the same region. According to J.F. Fleet the Rattas were first raised to the position of chieftains by Rāṣṭrakūṭa ruler Kṛṣṇarāja II. Ratta chief Pṛthvīrāma was subordinate of Kṛṣṇarāja II but his grandson, Śāntivarmā was a subordinate of Cālukya king Tailapdeva II and his successors down to Senā II continued to be subordinate of the Cālukya dynasty.[1] Here we will consider inscriptions relating to the Rattas of the period corresponding to their subordination to the Rāṣṭrakūṭas and the Cālukyas. It is significant that during the whole period they remained devoted to Jaina worship.

Inscription no. II[2,3] is on a stone slab built into the wall, located at the left side of a Jaina temple at Saundatti in Parasgarha Taluka of the Belgaum district. The emblems on the top of the stone are as follows- in the centre, a seated figure of Jinendra; to the right of it, a crooked knife, a cow and calf above it; and to the left, the Sun with the Moon above it. In this inscription the grant of six *nivartanas* (a measurement of land) in the village of Mulgunda, belonging to Sugandhavartī, is made by king Kaṇṇa. It also mentions about Pṛthvīrāma, during the reign of Kṛṣṇarājadeva (Kṛṣṇa II, Rāṣṭrakūṭa ruler) built a temple of Jina in the village of Sugandhavartī and allotted eighteen *nivartanas* of land to it. Pṛthvīrāma is also described as the beloved of goddess of bravery, a very thunderbolt to the mountains to the hostile chieftains, the Sun of the white lotus which were learned men, the best of good warriors and the granter of all the wishes of his servants.

Inscription no. III[4] records that king Śāntivarmā, having washed the feet of Bāhubalī Bhaṭṭāraka, alloted to the Jaina temple that he had built in Sugandhavartī one hundred and fifty *mattars* of land. The inscription appreciates the ascetics of Kandaragaṇa. It says about Ravicandra-svāmī that kings bowed at his lotus feet. About sage

Arhanandī it states that he has destroyed passion with his sword which is lustre of his uninterrupted and good penances. About Śubhacandrasiddhāntadeva it says that his feet are worshipped by kings. Praising Prabhācandradeva it says that he has subdued the kings in form of bondage of *karma.*

Inscription no. V[4] is from a stone tablet in a Jaina temple at Kalholi, in the Gokak Taluka of Belgaum district. It records a grant made by Ratta chieftain king Rāja and Śri-Kārtavīryadeva. It says that at the time of king Rāja the ocean of Jaina religion had become full and his wife Mailadevī was devoted to the worship of the lotus feet of Jina. King Rāja's daughter Candrikādevī was like the beautiful moonlight which caused the increase of the nectar of religion, which was celebrated throughout the world. She appears like the wife of Indra when engaged in the worship of Jina. About king Rāja it is said, "he protects the world with his greatness which consists in his being supreme all over those learned in the worship in Jina, in his being the best of holy men, in his being a very ocean in respect of abundance of his good qualities and who duly honours kings of Jaina religion."

The inscription further says "other kings are addicted to the forbidden recreatns of gaming, hunting, eating flesh, associating with courtesans, running after other men's wives, mixing with low people, stealing and unfair ram-fighting and cock-fighting; but even apart from that, are they like you? O king Rāja! devoted to the worship of Jina giving gifts to world-renowned saints?"

The inscription states about king Rāja- "he whose head is always purified by the fragrant waters of the rites of the Jaina religion, he who always relates the legend of Jaina religion, a very moon to the ocean of nectar of the doctrines of Jina, the mine of the jewel of upright behavior-caused to be erected, a temple of Jina at Kalpole, which is the best (town) in the whole world wonderful to be held, the diadem of the earth, having three pinnacles that are unparallaled, so that Brahmā, Viṣṇu and Śīva were charmed with it and said '(the Jaina religion is) a spotless religion." Here Jainism is seen to be given preference over Brahmanism.

King Rāja is said to have erected at Sindana-Kalpole, a place of retreat for the high-minded devotees of the God Śāntinātha and presented it to his spiritual preceptor Śubhacandra Bhaṭṭārakadeva.

Another Ratta chieftain Śrī-Kārtavīryadeva gave a grant of a cultivated land measuring two thousand *kambas* to the temple at Sindana-Kalpole, which was built by king Rāja for the purposes of *aṅgabhoga* and *raṅgabhoga* of God Śāntinātha, for the purpose of repairing anything belonging to the temple that might be broken or torn or worn out and for the purpose of providing food, wholesome medicine and instruction in the sacred scriptures for the holy men living there. The abvoe king is said to be the high-priest of the province as well as of the Jaina temple of God Śāntinātha grant every boon to king Rāja that he asks for. The present inscription shows king Rāja not only as a patron of Jainism but also as being a Jaina follower.

Inscription no. VIII[6] is on a stone that was formerly erected inside a Jaina temple at Konur, the ancient Kondanuru, in the Gokak Taluka of Belgaum district. The inscription mentions Cālukya king Tribhuvanamalla or Vikramāditya II and is inscribed during the reign of his son Jayakarṇa. According to Fleet Jaykarṇa's name does not occur in Sir W. Elliot's list of Cālukya kings nor in Mr. Wathen's summary as given in Thomas' edition of Princep's *Antiquities*. Two subordinate governors of Jayakarṇa are mentioned-Cāmaṇḍa, the *Daṇḍādhipa* or commander of the forces, who was governing the country of Kuṇḍī, and the Maṇḍaleśvara or chieftain king Senā, whose designation is not specified. The Senā introduced here is probably the second of that name in the list of the Rattas.

At the starting of the inscription Lord Jina is requested to bless the king Nidhiga (who belongs to the family or sect called Balātkāragaṇa who held the position of high-priests at Kondanuru under king Senā) with long life and riches and is said to be desirous of emancipation. This king Nidhiga or Nidhiyama or Nidhiyamagamaṇḍa built in Kondanuru a shrine of Jina and granted to it two *mattaras* of cultivated land, twelve houses, one oil-mill and one garden in the Śaka year 1009 (A.D. 1087-88).

The inscription records a second grant to the same tample by Mahāmaṇḍaleśvara king Kaṇṇa who came to worship at that temple of Jina in the Śaka year 1043 (A.D. 1121-2). A third grant was made by Jayakarṇa during his father's reign. A fourth grant is made by Nidhiyamagamaṇḍa, consisting of a house together with one hundred and fifty *kammas* of land in the circle of Kuṇḍī. Besides these grants in this inscription it is said about king Cāmaṇḍa, Daṇḍādhipa of of king Jayakarṇa, that he is the granter of the boons to good people, governing the Earth with awards of severe punishment to the wicked and protection to the good.

Thus, the above inscriptions relating to the Ratta Chieftains of Saundatti and Belgaum show many traits of the influence of the Jaina religion upon them. They not only built many Jaina temples and made grants of them but also tried to follow some of the Jaina ideals and if not, then a least, presented themselves in that way in their inscriptions.

References :

1.

Name of Ratta Chieftain	To whome subordinate	Dates established by these inscriptions
Pṛthvīrāma	The Rāṣṭrakūṭa Kṛṣṇarāja, who was ruling in Śaka 798 and in Śaka 825	About Śaka 800
Śāntivarmā	The Cālukya Tailapadeva II, Śaka 895 to 919	Śaka 903
Kārtavīrya I	The Cālukya Someśvaradeva I, Śaka 962? to 991?	.....
Aṅka	The Cālukya Someśvaradeva I	Śaka 971
Kaṇṇa II	.....	Śaka 1009
Kārtavīrya II	The Cālukya Someśvaradeva II, Śaka 991? to 998, and the Cālukya Vikramāditya II, Śaka 998 to 1049	Śaka 1010
Senā II	Jayakarṇa, son of the Cālukya Vikramāditya II. Afterwards independent	About Śaka 1050

Kārtavīrya IV and Mallikārjuna	Independent.....	Śaka 1124 and 1127
Kārtavīrya IV alone	Ditto.....	Śaka 1141
Lakṣmīdeva II	Ditto.....	Śaka 1151

The table given here is extracted from the table given by Fleet in JBBRAS, Vol.X, 1871-74, P. 187

2. Here the number is given in accordance to the number ascribed to inscriptions by fleet in JBBRAS, Vol. X, 1871-74, P. 199.

3. JBBRAS. Vol. X, 1871-74, pp. 199-203.

4. Ibid, pp. 208-12.

5. Ibid, pp. 229-39.

6. Ibid, pp. 293-98.

Bibliography:

1. Altekar, A.S., *Rashtrakutas and Their Times*, Oriental Book, Poona, 1934.

2. Ayyangar, M.S. and Rao, B. Sheshagiri, *Studies in South Indian Jainism*, Part 1, South Indian and Part 2, *Andhra Karnataka Jainism*, Delhi, 1998.

3. Desai, P.B., *Jainism in South India and Some Jaina Epigraphs*, Sholapur, 1957.

4. Jain, K.C. *History of Jainism : Historical Survey and Spread of Jainism*, Vol. 2, New Delhi, 2010.

5. Journal of Bombay Branch of *Royal Asiatic Society*, Vol. X.

6. Kalghatgi, T.G. (ed.) *Jainism and Karnataka Culture*, Karnatak University, Dharwar, 1977.

7. Sharma, S.R., *Jainism and Karnataka Culture*, Dharwar, 1940.

*****

पार्श्वनाथ विद्यापीठ समाचार

१. लाला हरजसराय जैन स्मृति व्याख्यानमाला के अन्तर्गत डॉ० अरुण प्रताप सिंह का व्याख्यान

इस व्याख्यानमाला के द्वितीय पुष्प के रूप में डॉ०अरुण प्रताप सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, श्री बजरंग स्नातकोत्तर, महाविद्यालय, सिकन्दरपुर, बलिया का व्याख्यान ''मौर्य काल में जैन धर्म'' विषय पर आयोजित किया गया। व्याख्यानमाला सत्र की अध्यक्षता मानव संस्कृति शोध संस्थान के निदेशक डॉ० झिनकू यादव ने की।

अपने व्याख्यान में डॉ० सिंह ने मौर्य काल की विभिन्न विशेषताओं का निरूपण करते हुए जैन धर्म एवं मौर्य साम्राज्य के परस्पर सम्बन्धों का दिग्दर्शन कराने का प्रयत्न किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जैन धर्म और चन्द्रगुप्त मौर्य के सम्बन्ध के सन्दर्भ में जैन धर्म में दो मत प्राप्त होते हैं। श्वेताम्बर परम्परा के अनुसार चन्द्रगुप्त मौर्य का जैनधर्म से कोई सम्बन्ध नहीं जबकि दिगम्बर परम्परा की मान्यता है कि उसका पूरा जीवन जैन धर्म से प्रभावित था। इस संदर्भ में उन्होंने जैन ग्रन्थ तिलोयपण्णत्ति का उल्लेख किया जिसमें उन्होंने बताया कि कुछ स्थलों पर चन्द्रगुप्त का अपर नाम विशाखाचार्य भी प्राप्त होता है। आगे उन्होंने अशोक, कुणाल एवं संप्रति के जैनों से सम्बन्ध, जैन धर्म का उनके ऊपर प्रभाव तथा उसके प्रचार-प्रसार के लिए किये गये प्रयासों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर जो विद्वज्जन उपस्थित थे उनमें मुख्य थे- प्रो० कमलेश कुमार जैन, प्रो० डी०पी० शर्मा, डॉ० श्रीप्रकाश पाण्डेय, डॉ० रजनीकान्त त्रिपाठी, डॉ० श्रीनेत्र पाण्डेय, डॉ० ओम प्रकाश सिंह, डॉ० राहुल कुमार सिंह तथा राजेश चौबे इत्यादि। इनके अतिरिक्त शोध छात्र तथा छात्राएँ अधिक संख्या में उपस्थित थे।

२. 'श्रमण परम्परा के स्रोत एवं मूलभूत सिद्धान्त' विषयक १५ दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला सम्पन्न

पार्श्वनाथ विद्यापीठ द्वारा 'श्रमण परम्परा के स्रोत एवं मूलभूत सिद्धान्त' विषयक एक १५ दिवसीय कार्यशाला का दिनांक २६ नवम्बर से १० दिसम्बर २०१५ तक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन २६ नवम्बर २०१५ दिन बृहस्पतिवार को पार्श्वनाथ विद्यापीठ के सभागार में हुआ। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के कुलपति प्रो० यदुनाथ

प्रसाद दूबे थे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता भारतीय संस्कृति एवं इतिहास के प्रसिद्ध विद्वान् राष्ट्रीय अभिलेखागार, नई दिल्ली के राष्ट्रीय प्रोफेसर एवं पार्श्वनाथ विद्यापीठ के पूर्व निदेशक प्रो० महेश्वरी प्रसाद ने किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डी०एल०डब्ल्यू०, वाराणसी के पूर्व महाप्रबन्धक श्री आर०के०जैन तथा सारस्वत अतिथि वाराणसी के प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी श्री धनपतराज भंसाली थे।

मुख्य अतिथि पद से बोलते हुये प्रो० यदुनाथ प्रसाद दूबे ने कहा कि भारतीय संस्कृति श्रमण एवं ब्राह्मण संस्कृति का समन्वित रूप है। अतएव श्रमण संस्कृति को जाने बिना भारतीय संस्कृति को सम्पूर्ण रूप से नहीं जाना जा सकता। अध्यक्षता करते हुए प्रो० महेश्वरी प्रसाद ने कहा कि श्रमण एवं ब्राह्मण संस्कृति भारतीय संस्कृति की दो समानान्तर धाराएँ हैं, दोनों में वस्तुतः कोई विरोध नहीं है। विशिष्ट अतिथि श्री आर०के० जैन ने कहा कि श्रमण एवं ब्राह्मण दोनों परम्पराओं का उद्देश्य मानवता की सेवा के साथ-साथ जीवन के चरमलक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति ही है। सारस्वत अतिथि श्री धनपतराज भंसाली ने कहा कि जैन धर्म दर्शन द्वारा प्रतिपादित 'परस्परोपग्रहो जीवानाम्' सर्वोच्च सामाजिक मूल्य है जिसके आधार पर समतामूलक समाज की स्थापना सम्भव है।

इस अवसर पर कार्यशाला के निदेशक डॉ०श्री प्रकाश पाण्डेय ने कार्यशाला के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि जैन एवं बौद्ध विद्या के विविध आयामों को हृदयंगम कर नवीन शोधार्थियों के लिए शोध के नये क्षेत्र उद्घाटित करना तथा व्यावहारिक स्तर पर समाज को सदाचरण की ओर प्रवृत्त करना ही इस कार्यशाला का उद्देश्य है। कार्यशाला संयोजक डॉ० श्रीनेत्र पाण्डेय ने कार्यशाला के पाठ्यक्रम एवं नियमों से प्रतिभागियों को अवगत कराया तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ० राहुल कुमार सिंह द्वारा किया गया।

इस कार्यशाला में २७ नवम्बर से ८ दिसम्बर २०१५ तक ३३ विभिन्न विषयों पर कुल ३७ व्याख्यान हुए, जिनका संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित है-

१. भारतीय दर्शन एवं संस्कृति की विशेषताएँ : श्रमण परम्परा के विशेष सन्दर्भ में- यह व्याख्यान प्रो० अरविन्द कुमार राय, पूर्व विभागाध्यक्ष, दर्शन एवं धर्म विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा दिया गया। प्रो० राय ने बताया कि ब्राह्मण एवं श्रमण दोनों ही परम्पराएँ तप प्रधान हैं। तप भारतीय संस्कृति का प्राण है। जैन परम्परा में तप से ही निर्जरा होती है जबकि ब्राह्मण परम्परा में कामनाओं की पूर्ति के लिए भी तप का विधान है। प्रो० राय ने कहा कि ब्राह्मण

परम्परा में धर्म-प्रचारक का राग-द्वेष से मुक्त होना अनिवार्य है और श्रमण परम्परा में भी जिन या अर्हत् राग-द्वेष से मुक्त होते हैं। इसी प्रकार अवतारवाद भी दोनों परम्पराओं में विद्यमान है। अत: भारतीय संस्कृति को सम्यक् रूप से जानने के लिए श्रमण संस्कृति को जानना आवश्यक है।

२. जैन कर्म सिद्धान्त : यह व्याख्यान प्रो० कमलेश कुमार जैन, पूर्व अध्यक्ष, जैन-बौद्ध दर्शन विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा दिया गया। प्रो० जैन ने आठ प्रकार की कर्म प्रकृतियों (ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय, मोहनीय, आयु, नाम, गोत्र और अन्तराय) का उल्लेख करते हुए जीव से इनके बन्ध के कारण एवं इनसे मुक्ति के उपायों का विशद् विवेचन किया। इसी क्रम में प्रो० जैन ने द्विविध कर्मों (घाती एवं अघाती), द्विविध उपयोग (ज्ञानोपयोग एवं दर्शनोपयोग) तथा द्विविध जीवों भव्य एवं अभव्य का भी उल्लेख किया।

३. जैन सम्प्रदाय : यह व्याख्यान मानव सेवा संस्कृति शोध संस्थान, वाराणसी के निदेशक डॉ० झिनकू यादव द्वारा दिया गया। डॉ० यादव ने अपने व्याख्यान में दिगम्बर एवं श्वेताम्बर जैन सम्प्रदाय के विभाजन की परिस्थिति एवं कारणों का उल्लेख करते हुए ८४ चैत्यवासी मुनियों, उनकी परम्परा एवं संस्कृति का सविस्तार विवेचन करते हुए ६३ शलाकापुरुषों (२४ तीर्थंकर, १२ चक्रवर्ती, ९ बलदेव, ९ वासुदेव एवं ९ प्रतिवासुदेव) का भी उल्लेख किया। इसी क्रम में डॉ० यादव ने श्वेताम्बर एवं दिगम्बर सम्प्रदाय के स्थानकवासी, मूर्तिपूजक, तेरापंथी, तारणपंथी, बीसपंथी इत्यादि उपसम्प्रदायों का भी उल्लेख किया।

४. जैन सम्प्रदाय के विकास में राजकीय संरक्षण का योगदान : यह व्याख्यान प्रो० सीताराम दूबे, पूर्व विभागाध्यक्ष, प्रा०भा०इ०सं० एवं पुरातत्त्व विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा दिया गया। प्रो० दूबे ने विभिन्न साहित्यिक अभिलेखों एवं पुरातात्त्विक साक्ष्यों के आधार पर जैन धर्म को प्राप्त राजकीय संरक्षण का उल्लेख करते हुए बिम्बिसार, अजातशत्रु, चन्द्रगुप्त मौर्य, अशोक के पुत्र सम्प्रति, खारवेल, रामगुप्त, गुजरात के चौलुक्य वंशीय शासक जयसिंह, इसके अतिरिक्त पूर्वमध्यकाल में प्रतिहार नरेश वत्सराज नागभट्ट द्वारा जैन धर्म के विकास में दिये गये योगदान का सविस्तार उल्लेख किया।

५. जैनागम साहित्य : यह व्याख्यान कार्यशाला के निदेशक एवं संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ० श्रीप्रकाश पाण्डेय द्वारा दिया गया। डॉ० पाण्डेय ने बताया कि आगम अर्थप्रधान होते हैं जो अर्हतों द्वारा प्ररूपित हैं। इस सम्बन्ध में उन्होंने आचारांग समवायांग आदि अंगों तथा औपपातिक, राजप्रश्नीय, प्रज्ञापना आदि उपागों और

उनके विषय-वस्तु का सम्यक् विवेचन किया। डॉ० पाण्डेय ने आगमों के प्राचीन एवं वर्तमान वर्गीकरण का उल्लेख करते हुए अंग, उपांग, मूलसूत्र, छेदसूत्र, प्रकीर्णक और चूलिका सूत्रों का विशद् विवेचन किया। उन्होंने विभिन्न जैन सम्प्रदायों में मान्य आगमों की संख्या का सकारण विवचेन करते हुए आगमों की भाषा एवं उनकी चूर्णि, भाष्य एवं टीकाओं का भी उल्लेख किया।

६. अनेकान्तवाद : यह व्याख्यान प्रो० अशोक कुमार जैन, अध्यक्ष, जैन-बौद्ध दर्शन विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा दिया गया। प्रो० जैन ने कहा कि अनेकान्तवाद जैन दर्शन का केन्द्रीयभूत सिद्धान्त है, जो वस्तु को अनन्तधर्मात्मक मानता है। उन्होंने अनेकान्तवाद का महत्त्व बताते हुए कहा कि अनेकान्तिक दृष्टि विरोधों का समन्वय है। इस दृष्टि से हम समाज में व्याप्त विभिन्न धर्मों की परस्पर असहिष्णुता को समाप्त कर सकते हैं।

७. गुणस्थान : यह व्याख्यान भी प्रो० अशोक कुमार जैन द्वारा ही दिया गया। प्रो० जैन ने आध्यात्मिक विकास में गुणस्थान के महत्त्व को रेखांकित करते हुए चौदह गुणस्थानों का सविस्तार उल्लेख करते हुए भारतीय दर्शन में प्राप्त इसके समतुल्य सिद्धान्तों तथा गुणस्थान सम्बन्धी विपुल साहित्य को भी रेखांकित किया।

८. बौद्ध सम्प्रदाय : यह व्याख्यान प्रो० प्रद्युम्न दूबे, अध्यक्ष, पालि एवं बौद्ध अध्ययन विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा दिया गया। प्रो० दूबे ने बताया कि सर्वप्रथम संघ एक था, कालान्तर में स्थविरवाद एवं महासांघिक दो भेद हुए। पुनः स्थविर के १२ और कालान्तर में १८ भेद हुए। इसी प्रकार महासांघिक के दो भेद हुए- एकव्वोहारिक और गोकुलिक। इस प्रकार प्रो० दूबे ने अपने व्याख्यान में बौद्ध सम्प्रदाय के भेदों-प्रभेदों, उनके संस्थापकों तथा सम्बन्धित साहित्य का कालक्रमानुसार विशद् विवेचन किया।

९. जैन ज्ञानमीमांसा एवं प्रमाण विचार : यह व्याख्यान संस्थान के रिसर्च एसोसिएट डॉ० राहुल कुमार सिंह द्वारा दिया गया। डॉ० सिंह ने मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यय और केवलज्ञान रूप पंचज्ञान का विशद् विवेचन करते हुए ज्ञान को जीव का लक्षण बताया। उन्होंने सम्यक् ज्ञान को प्रमाण बताते हुए प्रमाण के प्रत्यक्ष और परोक्ष दो मुख्य भेदों का भी उल्लेख किया। पुनः प्रत्यक्ष के सांव्यवहारिक और पारमार्थिक दो भेदों का विवेचन करते हुए अवधि, मनःपर्यय और केवल को पारमार्थिक तथा मति एवं श्रुत को सांव्यवहारिक बताया। इसी क्रम में उन्होंने परोक्ष के अन्तर्गत स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान एवं आगम का भी उल्लेख किया।

१०. जैन परम्परा में दश धर्म : यह व्याख्यान कार्यशाला निदेशक डॉ० श्रीप्रकाश पाण्डेय द्वारा दिया गया। डॉ० पाण्डेय ने अपने व्याख्यान में धर्म के लक्षणों की व्याख्या करते हुए जैन धर्म में प्रतिपादित दश धर्मों- क्षान्ति, मुक्ति, आर्जव, मार्दव, लाघव, सत्य, संयम, तप, त्याग और ब्रह्मचर्य आदि के लक्षण, स्वरूप एवं महत्त्व पर विशद् प्रकाश डाला।

११. जैन श्रमणाचार : यह व्याख्यान प्रो० कमलेश कुमार जैन द्वारा दिया गया। प्रो० जैन ने बताया कि जैन धर्म में श्रमणों के लिए जिन नियमों का विधान है, वे श्रमणाचार कहलाते हैं। इसके अन्तर्गत प्रो० जैन ने गुप्ति, समिति, अनुप्रेक्षा, परिषह-जय, धर्म एवं पञ्चमहाव्रतों इत्यादि का विस्तृत उल्लेख किया। इस क्रम में उन्होंने चार कषायों (क्रोध, मान, माया और लोभ) का विवेचन करते हुए जैन विचारणा में प्रतिपादित श्रमणाचार की, मनोवैज्ञानिक एवं नैतिक आधार पर प्रासंगिकता एवं उपादेयता को स्पष्ट किया।

१२. षड्द्रव्य, पञ्चास्तिकाय एवं तत्त्व विचार : यह व्याख्यान डॉ० राहुल कुमार सिंह द्वारा दिया गया। डॉ० सिंह ने अपने व्याख्यान में जैन दर्शन में प्रतिपादित जीव-अजीव द्रव्यों का विवेचन करते हुए अजीव द्रव्य के अन्तर्गत धर्म, अधर्म, आकाश, काल और पुद्गल द्रव्यों का सविस्तार उल्लेख किया। पुनः पञ्चविध अजीव द्रव्यों के द्विविध विभाजनों (रूपी-अरूपी एवं अस्तिकाय-अनस्तिकाय) का भी सविस्तार उल्लेख किया। डॉ० सिंह ने द्रव्य व्यवस्था के पश्चात् जीव को आस्रव और उसके फल बन्धन का ज्ञान आवश्यक बताते हुए जैन मतानुसार नौ द्रव्यों (जीव, अजीव, आस्रव, बन्ध, पुण्य, पाप, संवर, निर्जरा और मोक्ष) का भी विवेचन किया।

१३. नय एवं निक्षेप : यह व्याख्यान भी डॉ० श्रीप्रकाश पाण्डेय द्वारा दिया गया। डॉ० पाण्डेय ने ज्ञाता या वक्ता के अभिप्राय को नय की संज्ञा देते हुए उसे प्रमाण द्वारा गृहीत वस्तु का आंशिक ज्ञान बताया जो वक्ता के कथन की विवक्षा पर आधारित है। उन्होंने प्रमाण एवं नय के अन्तर को स्पष्ट करते हुए नय के विविध भेद-प्रभेदों के साथ सात नयों का सोदाहरण विवेचन किया। पुनः उन्होंने निक्षेप को जैन भाषा दर्शन का अनूठा सिद्धान्त बताते हुए नाम, स्थापना, द्रव्य एवं भाव रूप से चतुर्विध निक्षेपों का विवेचन किया।

१४. स्याद्वाद एवं सप्तभंगीनय : यह व्याख्यान भी डॉ० राहुल कुमार सिंह द्वारा दिया गया। जैन विचारणा के अनेकान्तवाद सिद्धान्त की भाषायी अभिव्यक्ति रूप स्याद्वाद नामक सिद्धान्त का विवेचन करते हुए डॉ० सिंह ने इसके उद्भव, विकास

एवं व्यावहारिक उपयोगिता को उद्घाटित किया तथा सप्तभंगी के रूप में इसके वचन विन्यासों का सोदाहरण विवेचन किया।

१५. गौतम बुद्ध पूर्व बुद्ध परम्परा : यह व्याख्यान संस्थान के पूर्व निदेशक प्रो० महेश्वरी प्रसाद द्वारा दिया गया। प्रो० प्रसाद ने त्रिपिटक आदि बौद्ध साहित्य में वर्णित गौतम बुद्ध पूर्व बुद्ध परम्परा का उल्लेख करते हुए अट्ठकथाओं में वर्णित गौतम बुद्ध पूर्व २४ बुद्धों एवं उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। इस सम्बन्ध में प्रो० प्रसाद ने चीनी यात्री फाह्यान एवं जैन ग्रन्थ ऋषिभासित का उल्लेख करते हुए संस्कृत एवं पालि साहित्य में प्राप्त अन्तिम छः बुद्धों (मानुषी बुद्ध) के नाम, जन्म स्थान और इनके वृक्ष का भी उल्लेख किया।

१६. बौद्ध परम्परा का ऐतिहासिक विकास : यह व्याख्यान प्रो० सीताराम दूबे पूर्व अध्यक्ष, प्रा०भा०इ०सं०एवं पुरातत्त्व विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा दिया गया। प्रो० दूबे ने गौतम बुद्ध पूर्व २४ बुद्धों का विवेचन करते हुए गौतम बुद्ध एवं उनके बाद की परम्परा का सम्यक् विवेचन किया। उन्होंने तीनों बौद्ध संगीतियों का उल्लेख करते हुए बौद्ध धर्म को प्राप्त राजकीय संरक्षण के विवेचन के क्रम में अशोक, कनिष्क और कुषाण के योगदान पर विशद् प्रकाश डाला। इस क्रम में प्रो० दूबे ने बौद्ध धर्म के सम्प्रदाय विभाजन एवं उसकी आचार्य परम्परा का सविस्तार उल्लेख किया।

१७. लेश्या सिद्धान्त : यह व्याख्यान भी डॉ० श्रीप्रकाश पाण्डेय द्वारा दिया गया। डॉ० पाण्डेय ने लेश्या को मानव की मनोवृत्तियों के रूप में रंग के माध्यम से व्याख्यायित करते हुए उसके विविध स्तरों के रूप में कृष्ण लेश्या, नील लेश्या, कपोत लेश्या, पद्म लेश्या, तेजो लेश्या एवं शुक्ल लेश्या का सविस्तार सोदाहरण उल्लेख किया तथा मनोविज्ञान से उसके सम्बन्ध को दर्शाते हुए चेतना के विभिन्न स्तरों का विवेचन किया।

१८. जैन कोश-साहित्य : यह व्याख्यान संस्थान के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ० ओम प्रकाश सिंह द्वारा दिया गया। उन्होंने कोश की परिभाषा एवं महत्त्व को रेखांकित करते हुए 'शब्द कोश' एवं 'विषय कोश' रूप द्विविध कोशों का विवेचन किया। पुनः भाषा के आधार पर कोशों का वर्गीकरण करते हुए संस्कृत, प्राकृत एवं हिन्दी भाषा सहित अन्य भाषाओं के भी जैन कोशों के रचनाकार, रचनाकाल तथा विषयवस्तु का उल्लेख किया।

१९. बौद्ध न्याय : यह व्याख्यान प्रो० अभिमन्यु सिंह, पूर्व आचार्य, दर्शन एवं धर्म विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा दिया गया। प्रो० सिंह ने बौद्ध

प्रमाणशास्त्र को प्रत्यक्ष और अनुमान द्विविध बताया। इस सन्दर्भ में स्वलक्षण एवं सामान्य लक्षण का विवेचन करते हुए स्वलक्षण को प्रत्यक्ष का तथा सामान्य लक्षण को अनुमान का विषय बताया। उन्होंने स्वलक्षण को बौद्ध दर्शन का एकमात्र प्रमाण बताते हुए अनुमान को केवल व्यवहार के लिए आवश्यक बताया। इस क्रम में उन्होंने दिङ्नाग, धर्मकीर्ति इत्यादि दार्शनिकों के मतों का विस्तृत विवेचन किया।

२०. चार आर्यसत्य : यह व्याख्यान भी प्रो० अभिमन्यु सिंह द्वारा दिया गया। प्रो० सिंह ने दुःख से निवृत्ति को बौद्ध दर्शन का लक्ष्य बताते हुए कहा कि दुःख संसार का सामान्य लक्षण है। दुःख, दुःख का कारण, इसका निराकरण और इसके निराकरण का मार्ग, यही बौद्ध धर्म के चार आर्य सत्य हैं। इस क्रम में उन्होंने अष्टांगिक मार्ग (सम्यक् दृष्टि, सम्यक् संकल्प, सम्यक् वाक्, सम्यक् कर्मान्त, सम्यक् व्यायाम, सम्यक् आजीव, सम्यक् स्मृति एवं सम्यक् समाधि) का विशद् विवेचन किया।

२१. जैन कला एवं प्रतिमा विज्ञान : यह व्याख्यान प्रोफेसर मारुति नन्दन प्रसाद तिवारी, एमिरटस प्रोफेसर, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा दिया गया। प्रो० तिवारी ने अपने व्याख्यान में तीर्थंकरों की ध्यान एवं कायोत्सर्ग मुद्रा के वैशिष्ट्य का उल्लेख करते हुए उनके लांछनों के पर्यावरणीय महत्त्व को भी रेखांकित किया। इस क्रम में उन्होंने खजुराहो के मन्दिर, दिलवाड़ा मन्दिर, चन्द्रप्रभ की कुषाणकालीन मूर्ति, देवगढ़ के ऋषभनाथ इत्यादि मूर्तियों के काल, स्थान एवं उनकी विशेषताओं का विशद् विवेचन किया।

२२. अपोहवाद : यह व्याख्यान डॉ० जयन्त उपाध्याय, दर्शन एवं धर्म विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी का था। डॉ० उपाध्याय ने बताया कि बौद्ध दर्शन के अनुसार किसी भी वस्तु के विषय में ज्ञान का कारण उस वस्तु का विशिष्ट धर्म है, न कि जाति। यह विशिष्ट धर्म ही 'अपोह' नाम से जाना जाता है। उन्होंने अपोह की व्युत्पत्ति, परिभाषा एवं महत्त्व को बताते हुए बौद्ध मतानुसार धर्म एवं जाति का भी विस्तृत उल्लेख किया।

२३. जैन-बौद्ध भिक्षुणी संघ : यह व्याख्यान, डॉ० अरुण प्रताप सिंह, अध्यक्ष, प्राचीन इतिहास विभाग, श्री बजरंग स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिकन्दरपुर, बलिया द्वारा दिया गया। डॉ० सिंह ने जैन एवं बौद्ध दोनों ही परम्पराओं के चतुर्विध संघ (श्रमण, श्रमणी, श्रावक (उपासक) एवं श्राविका (उपासिका)) का विवेचन करते हुए साहित्यिक एवं अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर जैन एवं बौद्ध दोनों ही परम्पराओं के भिक्षुणियों के आचार, भिक्षु-भिक्षुणियों के पारस्परिक सम्बन्ध, उनकी सामाजिक स्थिति तथा दोनों परम्पराओं की भिक्षुणियों का तुलनात्मक विवेचन प्रस्तुत किया।

२४. दक्षिण भारत में जैन धर्म : यह व्याख्यान डॉ० नवीन कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक, इन्टरनेशनल स्कूल फार जैन स्टडीज, नई दिल्ली द्वारा दिया गया। डॉ० श्रीवास्तव ने अपने व्याख्यान में ऐतिहासिक साक्ष्यों के आधार पर दक्षिण भारत में जैन धर्म के पलायन के कारणों का विवेचन करते हुए वहाँ जैन धर्म को प्राप्त राजकीय संरक्षण के क्रम में कदम्ब, गंग, पल्लव, चालुक्य एवं राष्ट्रकूट शासकों के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने व्याख्यान में जैन धर्म के दक्षिण भारत में स्थित प्रमुख तीर्थस्थलों, दक्षिण भारत में जैन आचार्यों की परम्परा एवं जैन साहित्य का भी विस्तृत उल्लेख किया।

२५. जैन स्थापत्य एवं गुफाएँ : यह व्याख्यान काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रा०भा०इ०सं० एवं पुरातत्त्व विभाग के पूर्व आचार्य प्रो० हरिहर सिंह द्वारा दिया गया। प्रो० सिंह ने भारत में बनायी गयी 'संरचनात्मक एवं शैलीकृत' इमारतों की विशेषताओं एवं अन्तर का विवेचन करते हुए चन्द्रगुप्त मौर्य द्वारा पटना में निर्मित पत्थर के महलों, नागार्जुन एवं बराबर की सर्वप्राचीन गुफाओं, राजगृह में प्राप्त दो जैन गुफाओं-उदयगिरि तथा खण्डगिरि में खारवेल के परिजनों द्वारा निर्मित जैन गुफाओं, जूनागढ़ की शृंखलाबद्ध गुफाओं, बादामी, अहिरोली और एलोरा की जैन गुफाओं की विशेषताओं, निर्माताओं, निर्माण के उद्देश्यों एवं प्राप्त अभिलेखों पर पर्याप्त प्रकाश डाला।

२६. भारत के संरचनात्मक जैन मन्दिर - आबू के विशेष सन्दर्भ में : यह व्याख्यान भी प्रो० हरिहर सिंह द्वारा ही दिया गया। प्रो० सिंह ने जैन मन्दिरों की सामान्य विशेषताओं को विवेचित करते हुए संरचनात्मक जैन मन्दिरों के विवेचन के क्रम में आबू के जैन मन्दिरों के स्थापत्य और कला का विवेचन करते हुए गुजरात के प्रथम सोलंकी शासक भीमदेव प्रथम के मंत्री विमलशाह द्वारा निर्मित मन्दिर तथा सोलंकी नरेश भीमदेव द्वितीय के मंत्री तेजपाल द्वारा निर्मित मन्दिरों का उल्लेख करते हुए इन मन्दिरों को जैन मन्दिरों में प्राचीनतम एवं जैन धर्म की पूजन पद्धति के अनुकूल बताया।

२७. जैन परम्परा का इतिहास : यह व्याख्यान भी डॉ० श्रीप्रकाश पाण्डेय द्वारा दिया गया। डॉ० पाण्डेय ने जैन परम्परा के इतिहास को बताते हुए ऋषभदेव से महावीर सहित २४ तीर्थंकरों की परम्परा एवं ६३ शलाकापुरुषों का सविस्तार उल्लेख किया। डॉ० पाण्डेय ने ऋषभ, नेमिनाथ, पार्श्वनाथ एवं महावीर की ऐतिहासिकता व जैन धर्म में संघ भेद के कारणों का उल्लेख करते हुए चतुर्विध संघ, उनके आचार तथा गणधर, गौतम, जम्बू स्वामी से प्रारम्भ कर भद्रबाहु, स्थूलभद्र

सहित वर्तमान में आचार्य महाश्रमण एवं आचार्य शिवमुनि जी तक की परम्परा पर प्रकाश डाला।

२८. पिटक साहित्य : यह व्याख्यान प्रो० बिमलेन्द्र कुमार, पूर्व अध्यक्ष, पालि एवं बौद्ध अध्ययन विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा दिया गया। प्रो० कुमार ने पिटक की व्याख्या करते हुए कहा कि त्रिपिटक भगवान बुद्ध द्वारा बुद्धत्व प्राप्त करने के समय से महापरिनिर्वाण तक दिये गये प्रवचनों का संग्रह है। उन्होंने विनय पिटक, सुत्त पिटक और अभिधम्म पिटक के सभी विभागों, उनकी विषयवस्तु एवं रचनाकाल का विशद् विवेचन प्रस्तुत किया।

२९. आजीवक सम्प्रदाय : यह व्याख्यान प्रो० आनन्द मिश्र, दर्शन एवं धर्म विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा दिया गया। प्रो० मिश्र ने श्रमण परम्परा के अन्तर्गत आजीवक सम्प्रदाय के महत्त्व एवं उसकी विशेषताओं का वर्णन करते हुए इसके अन्तर्गत अजित केशकम्बल, मक्खली गोशाल, भिक्षु पूर्णकाश्यप, प्रक्रुद्ध कात्यायन, संजय बेलट्ठिपुत्त एवं निग्गंठनाथपुत्त के सिद्धान्तों एवं जीवन परिचय पर विस्तृत प्रकाश डाला।

३०. जैन चित्रकला : यह व्याख्यान ज्ञान प्रवाह, वाराणसी की निदेशिका प्रो० कमल गिरि का था। प्रो० गिरि ने जैन चित्रकला की सामान्य विशेषताओं को रेखांकित करते हुए सर्वप्राचीन जैन चित्रकला के रूप में एलोरा आदि गुफाओं की चित्रकला के साथ-साथ पटचित्र, भित्तिचित्र आदि का भी सविस्तार उल्लेख किया।

३१. जैन अभिलेख : यह व्याख्यान संस्थान के पूर्व निदेशक प्रोफेसर महेश्वरी प्रसाद जी द्वारा दिया गया। उन्होंने जैन अभिलेखों को जैन धर्म एवं संस्कृति की ऐतिहासिकता की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण बताते हुए नागार्जुन एवं बराबर की गुफाओं से प्राप्त अभिलेखों के साथ-साथ खारवेल, माथुरी, गुप्तकाल, राजस्थान एवं मध्यकाल के जैन अभिलेखों का विस्तृत विवेचन किया।

३२. इतिहास के जैन स्रोत : यह व्याख्यान डॉ०उमेश चन्द्र सिंह, इतिहास विभाग, तिब्बती उच्च अध्ययन केन्द्रीय विश्वविद्यालय, सारनाथ, वाराणसी द्वारा दिया गया। डॉ० सिंह ने अपने व्याख्यान में भारतीय एवं पाश्चात्य ऐतिहासिक परम्परा की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए दो प्रकार के जैन ऐतिहासिक स्रोतों- साहित्यिक एवं अभिलेखीय स्रोतों पर विशद् प्रकाश डाला।

३३. जैन धर्म-दर्शन में अहिंसा : यह व्याख्यान कार्यशाला संयोजक डॉ० श्रीनेत्र पाण्डेय द्वारा दिया गया। उन्होंने बाह्य एवं आन्तरिक व्यापार की दृष्टि से अहिंसा को व्याख्यायित करते हुए इसे मनोवैज्ञानिक तथ्य के रूप में प्रस्तुत किया। डॉ० पाण्डेय

ने अपने व्याख्यान में दश प्रकार के प्राणों का विवेचन करते हुए १०८ प्रकार की हिंसा एवं प्रश्नव्याकरण सूत्र में वर्णित अहिंसा के ६० नामों के आधार पर उसे विध्यात्मक प्रत्यय रूप सिद्ध किया। अहिंसा के विध्यात्मक पक्ष के रूप में उन्होंने दया और दान को परिभाषित करते हुए चार प्रकार की दया और दश प्रकार के दान का भी सविस्तार विवेचन किया।

